| (i) Interest charged to earmarked fund account | 2897177.00 |
| (ii) Interest charged to Income & Expenditure A/c | 2533172.83 |
| **Total ( ₹)** | **5430349.83** |

3 Prior Period Expenses include 'Regional Conference expenses at Bangalore' amounting to ₹ 2,96,431/- pertaining to 2006-07and adjusted during the year .

4 Regional Programme expenses includes ₹ 2,85,727/-pertaining to 2006-07 and adjusted during the year.

5 Sundry Receivable includes ₹ 26,198.19 receivable from M/s Kothari Photostate & Typing Center, Bhopal.

6 The total no. of contractual staff working with NJA on 31st March,2010 was 67 and 01 temporary employee. Out of which 07 staff members have completed services of 5 years and covered under the purview of the payment of Gratuity Act 1972. No provision has been made during the year on account of Gratuity. The Academy will make necessary provisions from the ensuing year.

7 Previous years figures have been regrouped / rearranged wherever considered necessary to make them comparable.

**Sd/-**
**(Avinash Choudhary)**
**Chief Accounts Officer**

**Sd/-**
**(Prof. G. Mohan Gopal)**
**Director**

NATIONAL JUDICIAL ACADEMY
धर्मेण धार्यते लोकः

NATIONAL JUDICIAL ACADEMY
धर्मेण धार्यते लोकः




# राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2009-2010

Annual Report
वार्षिक प्रतिवेदन
2009-2010

NATIONAL JUDICIAL ACADEMY
धर्मेण धार्यते लोकः

# राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी–एक परिचय

1993 में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट – 1860 के अंतर्गत एक स्वायत्व समिति के तौर पर स्थापित, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का मुख्य उद्देश्य न्यायिक शिक्षा, शोध और योजनागत विकास के द्वारा न्यायिक प्रशासन को मजबूत बनाना है।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के पाँच प्रमुख दायित्व जो समय – समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे करने का प्रयास किया गया, इसप्रकार है –

1. न्यायिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना – न्यायाधीशों, न्यायालीन कर्मचारियों और न्यायिक प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण हितधारकों को न्यायिक प्रशासन की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप न्यायिक शिक्षा आर प्रशिक्षण प्रदान करना।
2. अध्ययन एवं शोध करना – न्याय के प्रशासन और न्यायालय प्रबंधन के क्षेत्र में अध्ययन एवं शोध करना, और इसमें सुधार हेतु सुझाव देना।
3. न्यायिक प्रशासन और न्यायालीन प्रबंधन संबंधी ज्ञान की उत्पति एवं संवितरण।
4. न्यायिक अधिकारियों और न्यायालीन कर्मचारियों में उच्च श्रेणी के व्यावसासिक गुण और आदर्तें विकसित करना।
5. न्यायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और न्यायिक विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को विश्वस्तरीय उत्कृष्ट केन्द्र बनाना।

उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने और उन्हें पूरा करने के लिए, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की अकादमिक परिषद ने भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश (राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष) की अध्यक्षता में, अक्टूबर 2006 में राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति को अंगीकृत किया। यह रणनीति सितंबर 2006 में आयोजित उच्च–न्यायालयों के न्यायिक शिक्षा प्रभारी न्यायाधीशों की एक बैठक में विकसित की गई थी।

राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति ने पहली बार, राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा की स्पष्ट रूपरेखा स्थापित की। इस रणनीति ने राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा का उद्देश्य, न्याय में हो रही देरी और अवरोधों को कम कर, समयबद्ध न्याय को बढ़ाने और न्याय की गुणवत्ता एवं जवाबदेही को बढ़ाना बताया। रणनीति का उद्देश्य राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा का स्तर बढ़ाना जिससे हर न्यायाधीश को राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर एक वर्ष में कम से कम एक सप्ताह न्यायिक शिक्षा में भाग लेने का मौका मिल सके। इस रणनीति के अन्तर्गत पहली बार राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा का कलेण्डर तैयार किया गया, जिसका आधार देश भर के न्यायिक अधिकारियों के बीच उनकी न्यायिक शिक्षा की जरूरतों पर उच्च न्यायालयों द्वारा कराये गए सर्वेक्षण का व्यवस्थित न्यायिक शिक्षा अवाश्यकता मूल्यांकन था।

राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति को अंगीकृत करने के बाद से ही, इसके अनुरूप गतिविधयों का आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी कर रही है। राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति की उपलब्धियाँ और प्रगति 2009–2010 में अकादमिक परिषद के सम्मुख प्रस्तुत की गई, जहाँ उन्हे सराहा गया। राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति की प्रगति के नवीनतम संस्करण की एक प्रति आगे के पृष्ठों में विस्तार से दी गई है। यह राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के रणनीतिक और कार्यात्मक रूपरेखा का एक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

त्वरित संदर्भ के लिए राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति का सार:

# राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा : रणनीतियाँ(जुलाई -2010)

**संक्षेप**

I **प्रस्तावना :-** न्यायिक शिक्षा समय पर न्याय को बढाती है। यह देरी और बकाया कमी तथा जवाबदेही बढाने में मदद करती है। न्याय का अर्थ, संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आचरण है।

II. **ध्येय :-** न्यायिक अकादमियों का मुख्य ध्येय न्यायिक शिक्षा शोध तथा नीति विकास के माध्यम से न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता बढ़ाना है ताकि समय पर न्याय उपलब्ध करवाया जा सके।
117 वे विधि आयोग के अनुसार न्यायिक अकादमियों को -
अ) न्यायाधीशों को उपकरण निष्पादन हेतु तैयार करना
ब) जिस व्यवस्था में वे काम कर रहे है, उन्हें उसके आदर्शो के अनुरूप ढ़ालना।

न्यायपालिका में बदलती संवैधानिक भूमिका, न्यायिक शिक्षा संवैधानिक मूल्यों में बढोत्तरी को महत्व देती है।

**III. रणनीति :-**

अ) छः प्रमुख मुद्दों पर राष्ट्रीय दृष्टि का प्रसार
1. न्यायिक प्रणाली की अपेक्षाए
2. ROKMMA रूपरेखा के अनुरूप "न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता"
3. न्याय की संवैधानिक दृष्टि
4. न्यायालयो के "सामाजिक प्रभाव" को मापने के लिये एक रूपरेखा
5. गुणवत्ता ढांचा
6. निगरानी संकेतक

ब) शैक्षणिक कार्यक्रमो को तीन प्रकार से व्यवस्था किया गया था

1. न्यायाधीशो के गुण,दृष्टिकोण, ज्ञान को मजबूत बनाने हेतु
2. न्यायिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिये
3. न्यायिक प्रणाली के सामाजिक प्रभाव को बढाने,राष्ट्रीय और सामाजिक विकास के प्राथमिकता वाले क्षेत्रो पर ध्यान केन्द्रित करने के लिये।

**IV. प्रभाव मूल्यांकन :-**

NJA के कार्यक्रमो को तीन प्रकार से मापा जा सकता है:-
1. समयबद्धता को बढाना
2. अधिनिर्णयन की गुणवत्ता बढाना
3. संस्थागत न्यायिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिये परिवर्तन

## राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष

(भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश अकादमी के पदेन अध्यक्ष)

(गठन से)

**माननीय न्यायमूर्ति श्री के.जी. बालाकृष्णन अकादमी के अध्यक्ष पद पर पदस्थ है।**

अब तक के माननीय अध्यक्षों की सूची निम्नानुसार है :

(31 मार्च 2010 तक)

| क्र. | माननीय अध्यक्षों के नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1. | माननीय न्यायमूर्ति श्री एम.एन. वैंकटचल्लैया | 17.08.1993 | 24.10.1994 |
| 2. | माननीय न्यायमूर्ति श्री ए. एम अहमदी | 25.10.1994 | 24.03.1997 |
| 3. | माननीय न्यायमूर्ति श्री जे.एस.वर्मा | 25.03.1997 | 17.01.1998 |
| 4. | माननीय न्यायमूर्ति श्री एम.एम. पुंछी | 18.01.1998 | 09.10.1998 |
| 5. | माननीय न्यायमूर्ति श्री ए.एस आनंद | 10.10.1998 | 31.10.2001 |
| 6. | माननीय न्यायमूर्ति श्री एस.पी.भरूचा | 01.11.2001 | 05.05.2002 |
| 7. | माननीय न्यायमूर्ति श्री बी.एन.किरपाल | 06.05.2002 | 07.11.2002 |
| 8. | माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.बी. पटनायक | 08.11.2002 | 18.12.2002 |
| 9. | माननीय न्यायमूर्ति श्री वी.एन. खरे | 19.12.2002 | 01.05.2004 |
| 10. | माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. राजेन्द्र बाबू | 02.05.2004 | 31.05.2004 |
| 11. | माननीय न्यायमूर्ति श्री आर.सी.लाहोटी | 01.06.2004 | 31.10.2005 |
| 12. | माननीय न्यायमूर्ति श्री वाय. के. सभरवाल | 01.11.2005 | 13.01.2007 |
| 13. | माननीय न्यायमूर्ति श्री के.जी.बालकृष्णन | 14.01.2007 | वर्तमान तक |

## राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक

(31 मार्च 2010 तक)

| क्र. | नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1. | माननीय न्यायमूर्ति श्री के.एन. सैकिया | 01.05.1995 | 30.04.1997 |
| 2. | प्रो. (डॉ.) एन. आर. माधव मेनन | 30.09.2003 | 24.04.2006 |
| 3. | प्रो. (डॉ.) जी. मोहन गोपाल | 13.07.2006 | वर्तमान तक |

## राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के रजिस्ट्रार

(31 मार्च 2010 तक)

| क्र. | नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एच. आई. हुसैन | 08.04.2000 | 21.04.2001 |
| 2. | श्री आर. सी. मिश्रा | 25.09.2001 | 24.09.2004 |
| 3. | श्री जगदीश बहेती | 17.02.2005 | 30.06.2007 |
| 4. | श्री ए.एम. सक्सेना | 01.07.2007 | 30.03.2010 |
| 5. | श्री एस.पी. श्रीवास्तव | 22.01.2009 | वर्तमान तक |

## राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के सदस्य सचिव

(गठन से)

(31 मार्च 2010 तक)

| क्र. | नाम | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एमएसए सिद्दकी | 17.08.1993 | 26.09.1994 |
| 2. | श्री चंद्रेश भूषण | 27.09.1994 | 27.04.1998 |
| 3. | श्री भंवर सिंह | 27.04.1998 | 26.03.1999 |
| 4. | श्री लालचंद भाडू | 27.03.1999 | 19.01.2003 |
| 5. | श्री जे.सी.एस. रावत | 20.01.2003 | 28.06.2004 |
| 6. | श्री बी.एम.गुप्ता | 29.06.2004 | 25.11.2005 |
| 7. | श्री वी.के. जैन | 01.12.2005 | 12.05.2007 |
| 8. | प्रो. (डॉ.) जी. मोहन गोपाल | 13.05.2007 | वर्तमान तक |

# राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में संपन्न शैक्षणिक कार्यक्रम

वर्ष 2003-2004 से आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रमों का एक अवलोकन नीचे दिया गया है। प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में, आयोजित कार्यक्रमों की संख्या में साथ ही कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

पिछले छः प्रोग्राम वर्षों में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (NJA) के कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है:

| वर्ष | अकादमिक वर्ष (जुलाई से जून) | कार्यक्रमों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2003-2004 | 03 | 211 |
| 2 | 2004-2005 | 12 | 570 |
| 3 | 2005-2006 | 27 | 771 |
| 4 | 2006-2007 | 42 | 1668 |
| 5 | 2007-2008 | 85 (समय पर न्याय को बढ़ावा देने वाली वर्ष की 12 एक बंद (One-Off) राष्ट्रीय प्रमुख कार्यशालाओं को मिलाकर 85 कार्यक्रम) | 2595 + 12 राष्ट्रीय प्रमुख कार्यशालाओं के 876 प्रतिभागी = कुल 3471 |
| 6 | 2008-2009 | 84 (समय पर न्याय को बढ़ावा देने वाली 12 एक बंद (One-Off) राष्ट्रीय प्रमुख कार्यशालाएँ सम्पन्न/ अधिसूचित नही) | 2559 |
| 7 | 2009-2010 | 102 | 3553 |

## जुलाई 2009 से जून 2010 तक राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (NJA) में सम्पन्न हुए कार्यक्रम

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में वित्तीय वर्ष 2009-2010 (अप्रैल, 2009 से मार्च, 2010) में कुल 81 कार्यक्रम आयोजित किए गए। अकादमिक वर्ष जुलाई 2009 से जून 2010 तक अकादमी द्वारा 102 कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। अकादमिक कलैण्डर में सूचीबद्ध सभी कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुए।

वर्ष 2009-2010 में आयोजित कार्यक्रम, उनके प्रकार / विषय के आधार पर इस प्रकार सूचीबद्ध है -

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| **कानून और न्यायिक प्रणाली के विकास पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संगोष्ठियाँ** | | | | |
| 1. | P - 254 | अगस्त 22-23, 2009 | समय पर न्याय हेतु नियोजन और प्रबन्धन | 25 |
| 2. | P - 265 | सितम्बर 19-20, 2009 | आपराधिक न्याय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियाँ | 23 |
| 3. | P - 274 | अक्तूबर 24-25, 2009 | गरीबी उन्मूलन, सामाजिक बहिष्कार का विरोध और सामाजिक न्याय को बढ़ाना | 24 |
| 4. | P - 283 | नबम्बर 21-22, 2009 | वैश्वीकरण और भारतीय न्यायिक प्रणाली : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियाँ | 16 |
| 5. | P - 292 | जनवरी 16-17, 2010 (दिसम्बर 19-20, 2009 से स्थगित तिथि को) | पर्यावरण संरक्षण | 11 |
| 6. | P - 300 | जनवरी 23-24, 2010 | कानून के विकास में उच्च न्यायालयों का योगदान (2008 से अब तक) | 15 |
| 7. | P - 306 | फरवरी 13-14, 2010 | कानून के विकास में सर्वोच्च न्यायालय का योगदान (2008 से अब तक) | 17 |
| 8. | P - 314 | मार्च 20-21, 2010 | भारतीय न्यायालय : अगले दशक में | 27 |
| 9. | P - 322 | अप्रैल 17-18, 2010 | भारतीय न्यायालय : अगले दशक में | 23 |
| **नवनियुक्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन** | | | | |
| 10. | P - 280 | नवम्बर 13-15, 2009 | नवोन्नत उच्च न्यायालय न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन | 24 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| जिला न्यायपालिका के लिए राष्ट्रीय अधिनिर्णय प्रबन्धन कार्यक्रम (AMP) | | | | |
| 11. | P - 245 | जुलाई 24-27, 2009 | हत्या के मामलों में अधिनिर्णयन | 25 |
| 12. | P - 250 | जुलाई 31-अग. 3, 2009 | बच्चों से जुड़े मामलों में अधिनिर्णयन | 24 |
| 13. | P - 261 | सितम्बर 11-14, 2009 | सुरक्षा, संरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 21 |
| 14. | P - 263 | सितम्बर 18-21, 2009 | जटिल आर्थिक मामलों में अधिनिर्णयन | 23 |
| 15. | P - 270 | अक्टूबर 3-6, 2009 | एम.ए.सी.टी. मामलों में अधिनिर्णयन | 24 |
| 16. | P - 272 | अक्टूबर 9-12, 2009 | जन अपराधों और जन अपकृत्यों के मामलों में अधिनिर्णयन | 24 |
| 17. | P - 279 | नवम्बर 13-16, 2009 | परिवारिक विवादों में अधिनिर्णयन | 22 |
| 18. | P - 289 | दिसम्बर 11-14, 2009 | महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में अधिनिर्णयन | 26 |
| 19. | P - 290 | दिसम्बर 18-21, 2009 | यौन अपराधों और तस्करी से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 24 |
| 20. | P - 296 | जनवरी 15-18, 2010 | सामाजिक सुधार, संवैधानिक अधिकारों और नागरिक अधिकारों से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 23 |
| 21. | P - 305 | फरवरी 12-15, 2010 | नागरिक विवादों से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 27 |
| 22. | P - 309 | मार्च 5-8, 2010 | उपभोक्ता विवादों से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 19 |
| 23. | P - 320 | अप्रैल 16-19, 2010 | रिट याचिका से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 25 |
| 24. | P - 327 | मई 7-10, 2010 | श्रम और औद्योगिक विवाद से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन | 24 |
| 25. | P - 332 | मई 14-17, 2010 | पर्यावरण विवादों में अधिनिर्णयन | 21 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| मूल न्यायिक ज्ञान, नजरिया, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने पर जिला न्यायपालिका हेतु राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशालाएँ | | | | |
| 26. | P - 249 | जुलाई 31–अगस्त 2, 2009 | मूल न्यायिक कौशलों में उत्कृष्टता बढ़ाना | 22 |
| 27. | P - 255 | अगस्त 22–23, 2009 | न्यायाधीशों हेतु सम्प्रेषण कौशल | 24 |
| 28. | P - 268 | अक्टूबर 3 - 5, 2009 | न्यायिक आचरण और नैतिकता | 22 |
| 29. | P - 277 | नवम्बर 6 - 8, 2009 | न्यायाधीशों द्वारा समय प्रबन्धन हेतु तकनीक और उपकरण | 25 |
| 30. | P - 286 | दिसम्बर 4 - 6, 2009 | तनाव प्रबन्धन | 21 |
| 31. | P - 294 | जनवरी 8 - 10, 2010 | परीक्षण प्रक्रिया प्रबन्धन | 21 |
| 32. | P - 298 | जनवरी 22 - 24, 2010 | अपील और संशोधन कार्यवाही प्रबन्धन | 26 |
| 33. | P - 303 | फरवरी 5 - 7, 2010 | अदालतों में देरी और बकाया कमी में कमी लाने के लिए ए. डी. आर. (ADR) और प्ली बार्गेनिंग का प्रभावी उपयोग | 25 |
| 34. | P - 312 | मार्च 19 - 21, 2010 | फैसला लेखन | 28 |
| 35. | P - 316 | अप्रैल 2 - 4, 2010 | अदालत में मामलों का भार और मामला प्रबन्धन | 23 |
| जिला न्यायपालिका हेतु गहन न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP) | | | | |
| 36. | P - 251 | अगस्त 7 - 14, 2009 | न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP) प्रथम विजिट | 72 |
| 37. | P - 319 | अप्रैल 9 - 16, 2010 | न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP) द्वितीय विजिट | 69 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों (ADJs) के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण (Orientation) कार्यक्रम | | | | |
| 38. | P – 253 | अगस्त 21 – 25, 2009 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 21 |
| 39. | P – 264 | सितम्बर 18– 22, 2009 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 20 |
| 40. | P – 273 | अक्टूबर 23– 27, 2009 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 21 |
| 41. | P – 281 | नवम्बर 20 – 24, 2009 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 21 |
| 42. | P – 291 | दिसम्बर 18– 22, 2009 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 23 |
| 43. | P – 299 | जनवरी 22 – 26, 2010 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 24 |
| 44. | P – 313 | मार्च 19 – 23, 2010 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 20 |
| 45. | P – 321 | अप्रैल 16 – 20, 2010 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 23 |
| 46. | P – 325 | अप्रैल 30–मई 4, 2010 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 23 |
| 47. | P – 329 | मई 7 – 11, 2010 | नवनियुक्त अतिरिक्त जिला न्यायाधीशों के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 19 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) के लिए राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | | | | |
| 48. | P - 244 | जुलाई 17 - 28, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 51 |
| 49. | P - 252 | अगस्त 7 - 18, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 51 |
| 50. | P - 257 | सितम्बर 4 - 15, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 50 |
| 51. | P - 267 | अक्टूबर 3 - 14, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 52 |
| 52. | P - 276 | नवम्बर 6 - 17, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 55 |
| 53. | P - 285 | दिसम्बर 4 - 15, 2009 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 51 |
| 54. | P - 293 | जनवरी 8 - 19, 2010 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 52 |
| 55. | P - 302 | फरवरी 5 - 16, 2010 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 49 |
| 56. | P - 308 | मार्च 5 - 16, 2010 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 52 |
| 57. | P - 318 | अप्रैल 2 - 13, 2010 | नवनियुक्त सिविल न्यायाधीशों (कनिष्ठ प्रभाग) हेतु राष्ट्रीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 55 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| समय पर न्याय को बढ़ाने के लिए जोनल सम्मेलन : आपराधिक न्याय प्रबन्धन को मजबूत बनाना | | | | |
| 58. | P – 256 | अगस्त 28 – 30, 2009 | रांची (झारखंड उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (पूर्वी क्षेत्र) | 67 |
| 59. | P – 266 | सितम्बर 25– 27, 2009 | लखनऊ (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (उत्तरी क्षेत्र) | 91 |
| 60. | P – 275 | अक्टूबर 30–नव. 1, 2009 | इन्दौर (मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (पश्चिमी क्षेत्र) | 92 |
| 61. | P – 284 | नवम्बर 27 – 29, 2009 | चेन्नई (मद्रास उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (दक्षिणी क्षेत्र) | 126 |
| 62. | P – 301 | जनवरी 29 – 31, 2010 | गुवाहाटी (गुवाहाटी उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (पूर्वी क्षेत्र) | 76 |
| 63. | P – 307 | फरवरी 19 – 21, 2010 | दिल्ली (दिल्ली उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (उत्तरी क्षेत्र) | 96 |
| 64. | P – 315 | मार्च 26 – 28, 2010 | अहमदाबाद (गुजरात उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (पश्चिमी क्षेत्र) | 112 |
| 65. | P – 323 | जून 25 – 27, 2010 (अप्रैल 23–25, 2010 से स्थगित) | कोच्चि (केरल उच्च न्यायालय) में आयोजित जोनल सम्मेलन (दक्षिणी क्षेत्र) | 101 |
| कानून के विकास पर जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठियाँ | | | | |
| 66. | P – 246 | जुलाई 24 – 26, 2009 | अपराध कानून में हाल के घटनाक्रम | 24 |
| 67. | P – 258 | सितम्बर 4 – 6, 2009 | दीवानी, वाणिज्यिक और आर्थिक कानून में हाल के घटनाक्रम | 19 |
| 68. | P – 262 | सितम्बर 11 – 13, 2009 | सार्वजनिक कानून में हाल के घटनाक्रम | 19 |
| 69. | P – 282 | नवम्बर 20 – 22, 2009 | कानून के विकास में उच्च न्यायालय का योगदान | 25 |
| 70. | P – 287 | दिसम्बर 4 – 6, 2009 | कानून के विकास में सर्वोच्च न्यायालय का योगदान | 25 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| न्यायिक प्रणाली के सशक्तिकरण के लिए जिला न्यायपालिका की राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठियाँ | | | | |
| 71. | P - 243 | जुलाई 17 - 19, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ - 1) | 28 |
| 72. | P - 248 | जुलाई 31-अगस्त 2, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ- 2) | 33 |
| 73. | P - 259 | सितम्बर 4 - 6, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ- 3) | 27 |
| 74. | P - 271 | अक्टूबर 9 - 11, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ - 4) | 28 |
| 75. | P - 278 | नवम्बर 6 - 8, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ- 5) | 20 |
| 76. | P - 288 | दिसम्बर 11- 13, 2009 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ - 6) | 26 |
| 77. | P - 304 | फरवरी 5 - 7, 2010 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ - 7) | 33 |
| 78. | P - 310 | मार्च 5 - 7, 2010 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ- 8) | 34 |
| 79. | P - 328 | मई 7 - 9, 2010 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ - 9) | 31 |
| 80. | P- 331 | मई 14 - 16, 2010 | समयबद्ध न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्धन पर मुख्य जिला न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (PMTJ- 10) | 32 |

| क्रम संख्या | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथि | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| देश की प्रमुख सामाजिक चुनौतियों की प्रतिक्रिया में जिला न्यायपालिका के अधीनस्थ न्यायालयों के योगदान पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठियाँ | | | | |
| 81. | P – 295 | जनवरी 8 – 10, 2010 | वैश्वीकरण | 22 |
| 82. | P – 297 | जनवरी 15 – 17, 2010 | गरीबी, सामाजिक बहिष्कार और सामाजिक न्याय | 23 |
| 83. | P – 317 | अप्रैल 2 – 4, 2010 | समयबद्ध न्याय को बढ़ावा | 22 |
| 84. | P – 324 | अप्रैल 30–मई 2, 2010 | आतंकवाद, सुरक्षा और संरक्षा | 24 |
| 85. | P – 330 | मई 14 – 16, 2010 | पर्यावरण सुरक्षा | 25 |
| पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, विषयसामग्री और विधियों के विकास हेतु कार्यक्रम विकास प्रयोगशालाओं (PDLs) पर न्यायिक शिक्षा कार्यक्रम | | | | |
| 86. | P – 247 | जुलाई 24 – 26, 2009 | राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति की समीक्षा | 15 |
| 87. | P – 260 | सितम्बर 11 – 13, 2009 | प्रेरणा कार्यक्रमों की समीक्षा | 18 |
| 88. | P – 269 | अक्टूबर 3 – 5, 2009 | रिफ्रेशर कार्यक्रमों की समीक्षा | 15 |
| 89. | P – 311 | अप्रैल 20 – 21, 2010 (मार्च 12-14, 2010 से स्थगित तिथियां) | अनुसंधान कार्यक्रमों की समीक्षा | 18 |
| 90. | P – 326 | अप्रैल 30 – मई 2, 2009 | न्यायिक शिक्षा में महत्वपूर्ण मुद्दों और चुनौतियों की समीक्षा | 22 |
| | | | योग (1) | 3037 |

| क्रम सं. | कार्यक्रम सं. | कार्यक्रम की तिथियाँ | कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | | विशेष कार्यक्रम | |
| 1. | SE - 1 | अप्रैल 3, 2010 | वार्षिक कैलेण्डर मीटिंग | 19 |
| 2. | SE - 2 | मई 8, 2010 | यौन उत्पीड़न पर बैठक | 13 |
| 3. | SE - 3 | जून 12-13, 2010 | सामाजिक - आर्थिक क्रांति पर संगोष्ठी भारतीय संविधान का एजेण्डा : लॉ कॉलेजों और न्यायिक अकादमी का योगदान | 17 |
| 4. | SE- 4 | जून 9-10, 2010 | भारतीय न्यायिक प्रणाली की स्थिति : लोगों की आवाज | 14 |
| 5. | SE - 5 | जून 21-23, 2010 | केन्द्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण के सदस्यों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 13 |
| 6. | इन्डो-आस्ट्रेलियन न्यायिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय न्यायाधीशों और आस्ट्रेलियन न्यायाधीशों की संगोष्ठी : अधिकारों का संरक्षण और न्याय के लिए उपयोग में सुधार, फरवरी 2-10, 2010 तक निम्नलिखित स्थलों पर आयोजित हुई : 1. दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली 2. गुजरात उच्च न्यायालय, अहमदाबाद 3. केरल उच्च न्यायालय, कोच्चि 4. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल 5. कलकत्ता उच्च न्यायालय, कोलकता 6. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली 7. सिडनी, आस्ट्रेलिया | | | 440 |
| | | | **योग (2)** | **516** |
| | | | **महायोग -योग (1) + योग (2)** | **3553** |

# जुलाई 17, 2009 – मई 17, 2010 तक आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रतिवेदन

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में अकादमिक वर्ष 2009-2010 में आयोजित कार्यक्रमो की शुरूआत "समय पर न्याय के लिए नियोजन एवं प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन" जुलाई 2009 से मई 2010 तक कुल एक सौ दो कार्यक्रम की अवधि तीन, चार एवं सात दिन तथा कनिष्ठ प्रभाग के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम की समयावधि सर्वाधिक बारह दिन रही। इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में 3553 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रत्येक कार्यक्रम दिवस में; विचार – विमर्श; अनुभवों का साँझा; साइट का दौरा; फिल्म स्क्रीनिंग; न्यायतंत्र से संबंधित स्त्रोत पुरूषों, शिक्षा एवं सामाजिक नीति विचारकों के संवादात्मक सत्र शामिल थे।

### पी. – 245 : अधिनिर्णयन प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : हत्या के मामलों में अधिनिर्णयन (जुलाई 24-27, 2009)

वर्ष 2009 -10 के अकादमिक कलैण्डर में अधिनिर्णयन प्रबन्धन को मजबूत बनाने पर कई कार्यशालाएं शामिल है। इस प्रकार की पहली कार्यशाला, 'अधिनिर्णय प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : हत्या के मामलों में अधिनिर्णयन' राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में जुलाई 24-27, 2009 को आयोजित हुई। कार्यशाला में जिला न्यायपालिकाओं से पच्चीस न्यायाधीशों ने भाग लिया। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न ज्ञान और कौशल अपेक्षाओं वाले अधिनिर्णयन के विशिष्ट क्षेत्रों में निर्णय प्रबन्धन की गुणवत्ता मजबूत करने में मदद करना था। कार्यक्रम में हत्या के मामलों के अधिनिर्णयन में व्यक्तियों (अभियुक्त, पीड़ित और गवाह) की सामाजिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय और मामला प्रबन्धन विधि, मूल और प्रक्रियात्मक कानून, पहचानने और निर्णय लेने के कौशल और गुणवत्ता एवं समयबद्धता का मूल्यांकन जैसे पहलुओं को सम्मिलित किया गया।

अधिनिर्णयन प्रबन्धन कार्यक्रमों की सामान्य भूमिका, प्रश्नावली के आधार पर महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान, और विभिन्न प्रस्तुतियाँ इस चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रमुख केन्द्रित विषय रहे। विविध क्षेत्रों से स्त्रोत पुरूषों (Resource Person) के एक पैनल ने दण्ड-प्रक्रिया-संहिता और साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न कानूनी प्रावधानों पर सहभागिता की और चर्चा की। समाजशास्त्री डॉ. अरूणा भारद्वाज ने बड़े स्पष्ट रूप में प्रदर्शित किया कि – क्यों और किन परिस्थितियों में कोई हत्या जैसे जघन्य अपराध करने के लिए प्रतिबद्ध होता है। डॉ. मन्जु मेहता, नैदानिक मनोवैज्ञानिक ने अभियुक्त और हत्या के अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रगणित किया। श्री कमलकुमार (सेवानिवृत आई.पी.एस.) ने हत्या के मामलों की जांच और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया। केन्द्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला की निदेशक डॉ. विभा रानी रे ने हत्या परीक्षण में फोरेंसिक आदानों के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री डी. एम. मित्रा, ए.डी.जी.पी. (मादक द्रव्य) और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री. एम. नटराजन ने हत्या के मामले के अभियोजन पक्ष के मुद्दों का विस्तृत वर्णन किया। श्री नटराजन ने हत्या मामलों के अभियोजन के सम्बन्ध में प्रक्रियागत कानून का विवरण दिया। न्यायाधिपति एस. एल. कोचर न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और न्यायाधिपति आर. बसन्त, न्यायाधीश, केरल उच्च न्यायालय हत्या के मामले में सबूत और गवाह की प्रस्तुति पर बोले। न्यायाधिपति विष्णु सहाय, सदस्य, मानवाधिकार आयोग ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य के बारे में विस्तार से चर्चा की, और प्रोफेसर के. एन. चन्द्रशेखरन पिल्लई, पूर्व-निदेशक, आई. एल. आई, प्रोफेसर एन. आर. माधव मेनन, सदस्य केन्द्र-राज्य संबंध आयोग, ने भी आपराधिक प्रशासन न्याय में प्रस्तावित परिवर्तनो पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। न्यायाधिपति आर. बसन्त ने जोर देकर कहा कि न्यायाधीशों की अपनी मन:स्थिति में परिवर्तन करना होगा तथा उन्हें एहसास होना चाहिए कि अपराधियों के लिए अनुचित सहानुभूति समाज का अधिक नुकसान करेगी। प्रोफेसर बी. बी. पाण्डे और प्रोफेसर बी. टी. कॉल ने सजा, अपराध का निर्धारण विभिन्न पक्षों के अधिकार और मीडिया द्वारा परीक्षण का विवरण दिया।

**पी. – 246 : आपराधिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (जुलाई 24–26, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने जुलाई 24–26, 2009 की अवधि में आपराधिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर एक राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में विभिन्न उच्च न्यायालयों में आपराधिक कानून के क्षेत्र में उभरते घटनाक्रमों की वैचारिक सहभागिता की गई। न्यायाधिपति के. एस. अहलूवालिया ने कार्यक्रम की कार्यवाही की अध्यक्षता की और विशेषकर सजा और साक्ष्य अभिमूल्यन पर अपनी अन्तदृष्टि को सहभाजित किया। प्रतिभागियों ने अपने लेख में सम्बंधित उच्च न्यायालयों के घटनाक्रमों को प्रस्तुत किया। मीडिया द्वारा परीक्षण पर शांतिभूषण बरियार मामले में सर्वोच्च न्यायालय के अभिनव निर्णय पर भी व्यापक विचार – विमर्श हुए। कार्यक्रम में सम्पूर्ण देश से लगभग तीस जिला न्यायाधीशों ने सहभागिता की।

**पी. – 247 : राज्य न्यायिक अकादमियों हेतु राष्ट्रीय संगोष्ठी : राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति की समीक्षा (जुलाई 24 – 26, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में जुलाई 24 – 26, 2009 को राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति की समीक्षा पर एक कार्यक्रम विकास प्रयोगशाला (PDL) सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्य न्यायिक अकादमियों के योगदान को फोकस किया गया तथा राज्य न्यायिक अकादमी (SJA) को सामाजिक परिवर्तन के लिए कैसे साधन बनाया जाये, चर्चा का प्रमुख केन्द्रबिन्दु बना। राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति (NJES) पर फोकस बनाये रखते हुए कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में NJES के लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्पष्ट किया गया। निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने राज्य न्यायिक अकादमी (SJA) और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (NJA) के योगदान के अन्तर पर प्रकाश डाला। प्रयासों के क्रम में दोहराव से बचने के लिए कहा गया कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (NJA) को अपने प्रयासों को पूर्ण रूप से न्यायिक प्रणाली की समस्याओं का समाधान करने पर केन्द्रित करना चाहिए तथा राज्य न्यायिक अकादमी (SJA) को न्यायिक अधिकारियों के ज्ञान घटक को सम्बोधित करना चाहिए। SJA को न्यायिक अधिकारियों की रोजमर्रा की समस्याओं को सम्बोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, किन्तु इस कार्य को प्रभावशाली ढंग से पूरा करने के लिए न्यायिक कार्य और न्यायिक संस्थानों के बारे में एक सिद्धान्त और एक दृष्टिकोण का विकास किया जाना आवश्यक है। भारतीय न्याय प्रणाली में न्याय की अवधारणा को पुन:परिभाषित करने के लिए कहा गया कि अदालत के फैसले के लिए यह गुणात्मक उपाय विकसित करने की आवश्यकता है, कि, न्याय, अदालत के निर्णय के बराबर नहीं है। कार्यक्रमों की प्रभावशीलता के लिए प्रत्येक कार्यक्रम के उद्देश्यों का एक स्पष्ट दृष्टिकोण आपेक्षित है। उद्देश्यों की स्पष्टता होने पर ही कार्यक्रम सम्पन्न करने के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली तैयार करने में मदद मिल सकती है। कार्यक्रमों में प्रभावशीलता लाने के लिए इसके विभिन्न सत्रों में व्याख्यान आधारित कक्षाओं से हटकर विविध भागीदारी विधाएं, जैसे प्रश्नावली, सिमुलेशन (Simulations), रोल प्ले, नकली परीक्षण अभ्यास (Mock trail exercises) आदि के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

गहन चर्चाओं के पश्चात तय हुआ कि तीन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और इनमें सुधार की गुंजाइश है : (1) अधिनिर्णयन प्रबन्ध में न्यायिक अधिकारियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को देखते हुए न्यायिक शिक्षा का विकास जिससे न्यायिक शिक्षा कानूनी शिक्षा के सदृश्य होकर ही न रह जाय, (2) अधिनिर्णयन का भाग बनने वाली अन्य शाखाओं जैसे जांच-पड़ताल, अभियोजन आदि पर फोकस, (3) निष्क्रिय न्यायाधीश से प्रबन्धक न्यायाधीश और अधिवक्ता प्रभुत्व से हटकर न्यायाधिपति प्रबन्धित विरोधात्मक मुकदमेबाजी/अधिनिर्णयन।

### पी. – 249 : मूल न्यायिक कौशलों में उत्कृष्टता बढ़ाने पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (जुलाई 31–अगस्त 2, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में 31 जुलाई से 2 अगस्त 2009 तक मूल न्यायिक कौशलों में उत्कृष्टता बढ़ाने पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का व्यापक लक्ष्य मूल न्यायिक कौशलों को बढ़ाना और उनका विश्लेषण करना था। कार्यक्रम के दौरान लिए गये विभिन्न क्षेत्र, न्यायिक विधियां, अधिनिर्णयन और निर्णयन, न्याय पर संवैधानिक दृष्टिकोण, अधिनिर्णयन, कानून और तथ्यों की गुण–दोष विवेचना, वैधानिक व्याख्या तथा विलेखों व दस्तावेजों की व्याख्या थी। मूल न्यायिक कौशलों की फैसला करते समय सहभागियों ने इसकी व्याख्या का सबूत लेने के लिए आवश्यक कौशल, तथ्य खोजना, कानून की व्याख्या और फैसला लेखन के रूप में की। उक्त प्रकरणों के अतिरिक्त तथ्यों और कानून की गुण–दोष विवेचना में वस्तुनिष्ठता, विलेखों और दस्तावेजों की व्याख्या, फैसला लेखन और उसके संप्रेषण, अधिनिर्णयन प्रबन्धन व न्यायालय और मामला प्रबन्धन पर भी चर्चाएं हुईं। न्यायाधिपति रोशन दलवी और न्यायाधिपति मदन लोकुर ने कुछ विषयों को लेकर प्रस्तुतियां दीं। एम्स से डॉ. मन्जू मेहता ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में तर्कसंगत सोच के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्तुति दी। सुश्री ज्योति सिंह अपने संचार मॉड्यूल पर बोली एवं न्यायाधिपति आई. ए. अन्सारी और न्यायाधिपति मदन लोकुर ने अच्छे फैसले के लेखन के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से चर्चा की।

### पी. – 250 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : बच्चों से जुड़े मामलों में अधिनिर्णयन (जुलाई 31–अगस्त 3, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में जुलाई 31–अगस्त 3, 2009 तक अधिनिर्णयन प्रबन्ध को सशक्त करने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों से जुड़े मामलों में, अधिनिर्णयन : बालकल्याण विधान के अन्तर्गत मामलों का निर्णयन (किशोर न्याय अधिनियम और बाल तस्करी व बालश्रम विरोधी कानून) पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में जिला न्यायालयों से चौबीस न्यायाधीशों ने भाग लिया। कार्यशाला का मूल लक्ष्य बच्चों से जुड़े मामलों के अधिनिर्णयन के विशिष्ट क्षेत्रों में विभिन्न ज्ञान और कौशल आवश्यकताओं को लेते हुए न्यायिक प्रबन्धन की गुणवत्ता को मजबूत बनाना था। कार्यक्रम में अधिनिर्णयन की सामाजिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय और मामला प्रबन्धन विधि, मूल और प्रक्रियात्मक कानून, पहचानने और निर्णय लेने के कौशल, गुणवत्ता और सामयिकता जैसे विषयों को शामिल किया गया। किशोर न्याय अधिनियम और बाल तस्करी व बालश्रम विरोधी कानून के साथ बच्चों से जुड़े मामलों के अधिनिर्णय चर्चाओं का केन्द्रबिन्दु थे।

न्यायाधिपति अल्तमस कबीर, न्यायाधीश, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय, न्यायाधिपति रोशन दलवी, सुश्री मिन्ना कबीर, प्रोफेसर वेद कुमारी, सुश्री अर्लिन मनोहरन, सुश्री गीता सेखों, प्रोफेसर निरन्जन और प्रोफेसर आशा मुकुन्दन ने स्त्रोत पुरूष (Resource Person) के रूप में विभिन्न चर्चाओं को निर्देशित किया।

### पी. – 251 : राष्ट्रीय गहन न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP) प्रथम विजिट (अगस्त 7 – 14, 2009)

न्यायिक शिक्षा के कार्यक्रमों का प्रतिभागियों और न्यायालयों की कार्यप्रणाली पर प्रभाव, एक महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर अधिकतर प्रश्न उठते हैं और चर्चा होती है। न्यायिक शिक्षा के प्रभाव को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने पहली बार, राष्ट्रीय गहन न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP), के नाम से एक अद्वितीय कार्यक्रम प्रारम्भ किया जो अगस्त 7–14, 2009 को आयोजित हुआ।

प्रतिभागियों पर प्रदर्शित इसका प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए JEEP को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह प्रतिभागियों की राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में दो विजिट (प्रथम विजिट अगस्त 7 – 14, 2009 तथा द्वितीय विजिट अप्रैल 9 – 16, 2010) द्वारा, पहुँचाये गये क्षेत्रों में प्रदर्शन में सुधार हेतु दस माह का गहन कार्यक्रम है।

कार्यक्रम का लक्ष्य समग्र रूप में मापनीय गुणवत्ता के महत्वपूर्ण संकेतकों को पहचानना है। न्यायाधीशों के व्यक्तिगत निष्पादन के उच्च गुणवत्तापूर्ण फैसले करने की 21 विशिष्ट विशेषताओं को मजबूत बनाना, कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने चार मूल क्षेत्रों की पहचान की, जिनमें 21 महत्वपूर्ण विशेषताएँ आती है जिनकी न्यायाधीशों के व्यक्तिगत निष्पादन में तत्काल आवश्यकता है, और उनमें अकादमी (NJA) भागीदार न्यायाधीशों को सहायता दे सकती है। यह है – (1) विशेषताएँ/ **दृष्टिकोण :** संवैधानिक मूल्यों में विश्वास, न्यायालयों की भूमिका और जिम्मेदारियाँ, व्यक्तिगत सदाचार, सार्वजनिक सेवा के लिए प्रतिबद्धता, न्यायिक नैतिकता और आचरण, सादगी और विनम्रता, सहानुभूति, दृष्टिकोण, निश्चितता। (2) **कार्यात्मक कौशल :** श्रवण करना, पठन करना, वाचन करना, लेखन करना, विश्लेषण करना, तर्क और विवेक-बुद्धि, अंग्रेजी भाषा और संप्रेषण (अशाब्दिक संप्रेषण सहित), विवाद निपटान/ बातचीत/सौदेबाजी (3) **डोमेन कौशल :** तथ्यों की सराहना, खोज, कानून की सराहना, पहचानना और निर्णय लेना, फैसला लेने में अनुक्रियाशीलता, अधिनिर्णयन प्रक्रिया प्रबन्धन, टीमवर्क कौशल, प्रशासनिक कौशल, निर्णय के प्रभाव का अनुमान, (4) **ज्ञान :** बुनियादी कानूनी विषय, संविधान और इसका इतिहास, स्वतंत्रता आन्दोलन और गरीबी व सामाजिक न्याय सहित देश की मूल सामाजिक चुनौतियाँ।

स्त्रोत पुरूषों (Resource Person) के पैनल में न्यायाधिपति एस. बी. सिन्हा, न्यायाधिपति पी. के बालासुब्रमणियम, न्यायाधिपति नेवलेकर, न्यायाधिपति जी. सी. भरूका, न्यायाधिपति एम. एफ. सलदान्हा, डॉ. बी. डी. शर्मा, डॉ. मन्जु मेहता, प्रोफेसर मुकेश श्रीवास्तव थे, जिन्होंने मूल विषय पर अपने विचार रखे तथा उस पर विचार विमर्श को सुविधाजनक बनाया।

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने अधीनस्थ न्यायालयों के अस्सी प्रतिभागी न्यायाधीशों के मूल्यवान आदानों को लेने के लिए सत्र के अन्त में अनुवर्ती कार्यवाही की योजना विकसित की, जिसमें उन्हें एक विशिष्ट क्षेत्र या शाखा को चुनना होता था जिसमें उन्हें विशिष्टता लानी हो। अगले छः माह राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (NJA) राज्य न्यायिक अकादमियों की मदद से चुने गये क्षेत्र विकास कार्यक्रम रखा जाएगा जिससे उनमें से प्रत्येक में सुधार पाया गया।

### पी. – 254 : उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की समय पर न्याय हेतु नियोजन और प्रबंधन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी (अगस्त 22–23, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने अगस्त 22–23, 2009 को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए भारतीय न्यायिक प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए एक रणनीतिक रूपरेखा : नियोजन और प्रबन्धन, पर प्रथम राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। सम्पूर्ण देश से आये हुए लगभग 30 उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी का मूल विषय "उभरते वैश्वीकरण और राष्ट्रीय परिदृश्य में समय पर और गुणवत्तापूर्ण न्याय पहुंचाने के प्रमुख मुद्दों अथवा चुनौतियों की पहचान" को ध्यान में रखते हुए उन पर काबू पाने के तरीकों पर चर्चा करना था।

संगोष्ठी की अध्यक्षता न्यायाधिपति एस. बी. सिन्हा ने की, जिन्होंने देरी और लम्बित मामलों के व्यवहार में नीचे से ऊपर की ओर जाने की विधा पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी योजना के लागू करने में बहु-आयामी वार होना चाहिए क्योंकि उच्च न्यायालयों के तदर्थ वैयक्तिक प्रयास केवल तदर्थ परिणाम ही देते हैं। अत: कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में संस्थागत दृष्टिकोण हो, जिसका उचित निगरानी के साथ पालन किया जाना चाहिए।

### पी. – 255 : न्यायाधीशों के लिए संप्रेषण कौशल पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (अगस्त 22–23, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने अगस्त 22 - 23, 2009 को न्यायाधीशों के लिए संप्रेषण कौशल पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य ध्यान न्यायालयों के भीतर और बाहर संचार कौशल में उत्कृष्टता को बढ़ाने में मदद करना था। कार्यक्रम की संरचना में (1) संचार और पेशेवर प्रभावशीलता (2) प्रभावी संचार रणनीतियाँ (3) गैर-मौखिक संचार (4) संचार में ज्ञानात्मक प्रक्रिया और संचार में ब्लॉक (5) अंग्रेजी भाषा और फैसला लेखन (7) न्यायाधीशों के लिए संप्रेषण कौशल के विषय थे जिन्हें अच्छी तरह से लिया गया। मुद्रा इन्स्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन, अहमदाबाद से सुश्री मनस्विनी आचार्य ने संचार की रणनीतियों पर एक तकनीकी प्रस्तुति दी और न्यायाधीश टी. बी. राधाकृष्णन ने चर्चा को निर्देशित किया। एम्स नई दिल्ली से डॉ. मन्जु मेहता ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया और संचार में ज्ञानात्मक प्रक्रिया और संचार में ब्लॉक पर उन्हें प्रबुद्ध किया। सुश्री शशि सिन्हा ने अंग्रेजी भाषा की प्रासंगिकता और भाषा में प्रवीणता सुधार के तरीकों पर प्रस्तुति दी। न्यायमूर्ति टी. बी. राधाकृष्णन ने फैसला लेखन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में न्यायालयों के भीतर और बाहर अच्छे संप्रेषण के महत्व को समझने का अवसर मिला और पता चला कि न्यायाधीशों को निष्क्रिय न्यायाधिपति नही होना चाहिए।

### पी. – 258 : दीवानी, वाणिज्यिक और आर्थिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (सितम्बर 4–6, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल ने दीवानी, वाणिज्यिक और आर्थिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया। यह संगोष्ठी सितम्बर 4 - 6, 2009 को हुई। सम्पूर्ण देश से जिला न्यायपालिका के लगभग तीस सदस्यों ने संगोष्ठी में भाग लिया। कार्यक्रम में दीवानी, वाणिज्यिक और आर्थिक कानून के विधान, नियम और विनियम, फैसले, मौजूदा रूझान एवं महत्वपूर्ण मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का लक्ष्य भाग लेने वाले न्यायाधीशों को वैकल्पिक विवाद समाधान तन्त्र, कम्पनी कानून, कराधान कानून, प्रतिभूति कानून, बैंकिंग कानून, दिवाला कानून और आई. पी. आर. कानून के प्रमुख क्षेत्रों में आकस्मिक विवादों और घटनाक्रम को बताना था। पूर्वकथित क्षेत्रों में असंख्य संघर्षों पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायशास्त्र पर चर्चाएं हुईं। कार्यक्रम का लक्ष्य कानून में नवीनतम घटनाओं के प्रति न्यायाधीशों को संवेदनशील बनाना था। न्यायाधिपति राजीव शक्दरे, प्रोफेसर एम. पी. पद्मनाभा पिल्लई, श्री अरूण मोहन और प्रोफेसर शम्नाद बशीर ने बहुमूल्य आदान दिये।

### पी. – 260 : राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी : प्रेरण कार्यक्रमों की समीक्षा (सितम्बर 11 – 13, 2009)

राज्य न्यायिक अकादमी हेतु कार्यक्रमों की श्रृंखला में दूसरी प्रेरण कार्यक्रमों की समीक्षा पर प्रोग्राम विकास प्रयोगशाला (PDL) को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में सितम्बर 11 - 13, 2009 के मध्य आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख लक्ष्य राज्य न्यायिक अकादमी में होने वाले प्रेरण कार्यक्रमों पर चर्चा करना था। चर्चा को सुविधाजनक और कारगर बनाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने एक संरचना का सुझाव दिया, जिसे राज्य न्यायिक अकादमी के निदेशकों/प्रतिनिधियों को मानना है। इस संरचना को ध्यान

में रखकर प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं और इसी में कार्यक्रम का प्रथम दिवस समर्पित रहा। प्रतिभागियों को प्रेरण कार्यक्रम का औचित्य, कार्यक्रम के उद्देश्य/लक्ष्य, कार्यक्रम की संरचना, क्लासरूम सत्रों और प्रायोगिक प्रशिक्षण के तरीकों, लागू पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम, स्त्रोत पुरूषों के चयन का आधार, पठनसामग्री की प्रकृति, पठनसामग्री के चयन का आधार, कार्यक्रम से अपेक्षाएँ, अकादमी द्वारा कार्यक्रम की निगरानी के लिए अपनाया गया तन्त्र, मूल्यांकन योजनाओं और कार्यक्रम के समग्र मूल्यांकन के तरीके पर पालन की जा रही प्रेरण की योजना को बताना अपेक्षित था।

प्रतिभागियों द्वारा अपनी राज्य न्यायिक अकादमी के प्रेरण कार्यक्रम पर प्रस्तुति के उपरान्त मौजूदा प्रेरण कार्यक्रम की ताकत और कमजोरियों, जिम्मेदारियों और खतरों पर चर्चाएं हुई। प्रतिभागियों द्वारा पहचान किये गये तत्वों के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि राज्य न्यायिक अकादमियों द्वारा आयोजित प्रेरण कार्यक्रम राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा विकसित ROKMMA फ्रेमवर्क के साथ मजबूत करने की आवश्यकता है। यह बताया गया कि प्रेरण कार्यक्रमों को – न्यायालयों की भूमिका, संगठनात्मक प्रभावशीलता, ज्ञान, प्रबन्ध, विधि और न्याय के लिए पहुंच के कुल छः तत्वों पर अवधारित करना है।

**पी. – 261 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : सुरक्षा, संरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन (सितम्बर 11–14, 2009)**

सुरक्षा, संरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों में अधिनिर्णयन से संबंधित अधिनिर्णयन प्रबन्ध कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सितम्बर 11–14, 2009 के बीच हुआ। कार्यक्रम की अवधारणा और डिजाइन संगठित अपराध के विशेष क्षेत्रों, आतंकवाद और विद्रोह से निपटने वाले न्यायाधीशों के लिए की गई थी। कार्यक्रम में जिला न्यायपालिकाओं से लगभग बाईस न्यायाधीशों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का लक्ष्य सुरक्षा, संरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामलों के अधिनिर्णयन में विभिन्न ज्ञान और कौशल आवश्यकताओं के साथ न्याय प्रबन्ध प्रक्रिया का सुदृढ़ीकरण करना था। इसका उद्देश्य ऐसे मामलों के लिए विधियों, प्रबन्ध और ज्ञान विषयों से संबंधित मूल्यवर्धन था।

कार्यक्रम का फोकस सुरक्षा, संरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से सम्बंधित मामलों सहित संगठित अपराध के विशेष क्षेत्रों, आतंकवाद और विद्रोह के अधिनिर्णयन पर था। कार्यक्रम का ढांचा इस प्रकार बनाया गया जो कि सामाजिक सन्दर्भ, जांच, अभियोजन, अधिनिर्णयन प्रक्रिया, सजा और दण्ड नीति को सम्मिलित करें। इसके अतिरिक्त, अदालत और मामला प्रबन्धन विधियां, मूल और प्रक्रियात्मक कानून, फैसले और निर्णय लेने के कौशल, गुणवत्ता का मूल्यांकन और सामयिकता पर चर्चा करना भी कार्यक्रम का प्रयोजन रहा।

न्यायाधिपति जी. रघुराम, न्यायाधिपति आर. सी. मिश्रा, सूचना आयुक्त नई दिल्ली, श्री एम. एल. शर्मा, श्री रवि नायर, श्री डी. एम. मित्रा, चेन्नई से एक प्रख्यात वकील श्री एन. नटराजन (आपराधिक पक्ष), श्री एच. उपाध्याय, अध्यक्ष संयुक्त खुफिया समिति, सुश्री अनुराधा शंकर, डी. आई. जी. पुलिस (खुफिया), भोपाल ने चर्चा के विषयों पर मार्गदर्शन किया।

**पी. – 262 : सार्वजनिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (सितम्बर 11 – 13, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने सितम्बर 11 – 13, 2009 को सार्वजनिक कानून में हाल के घटनाक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का लक्ष्य सम्पूर्ण देश के जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों को कानूनी विकास के नये क्षेत्रों और न्यायिक

प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा के लिए एक साथ लाना था। सम्पूर्ण देश से आये लगभग तीस जिला न्यायाधीशों को सार्वजनिक कानून में कानूनी घटनाक्रम के नये क्षेत्रों और न्यायिक प्रणाली की चुनौतियों तथा अधीनस्थ न्यायालयों की अधिकारों के संरक्षण में विस्तारित भूमिका से भी परिचित कराया गया। सत्रों का फोकस भारतवर्ष में सार्वजनिक कानून की उभरती अवधारणाएं और अधीनस्थ न्यायालयों के कार्य में सार्वजनिक कानून के विकास के महत्व पर था। न्यायिक समीक्षा की विशेषताएं और सैद्धान्तिक आधार व सार्वजनिक हित कानून पर प्रकाश डाला गया और चर्चाएं हुईं। अपराधिक न्याय प्रणाली में अधिकारों के मुद्दे जैसे – सजा, जमानत, अपराध की दृढ़ संकल्प, पक्षों के अधिकारों की रक्षा आदि पर भी चर्चाओं को फोकस किया गया। संगोष्ठी में सार्वजनिक संस्थाओं को और अधिक प्रभावी और लोगों की जरूरतों के लिए उत्तरदायी बनाने की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श हुआ। न्यायपालिका जैसी संस्था के माध्यम से अन्तर-संस्थागत जवाबदेही से लेकर सूचना के अधिकार (RTI) के तन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष जवाबदेही तक प्रतिक्रियाओं की चर्चा हुई। इस जवाब देही तन्त्र को सुदृढ़ बनाने में न्यायिक भागीदारी को ज़ोर दिया गया।

न्यायाधिपति ए. के. पटनायक (मुख्य न्यायाधीश) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायाधिपति टी. बी. राधाकृष्णन, केरल उच्च न्यायालय, प्रोफेसर बी. बी. पाण्डेय, श्री प्रदीप प्रभु, प्रोफेसर बी. टी. कॉल, प्रोफेसर एस. एस. सिंह, और श्री शैलेश गांधी (सूचना आयुक्त, सी. आई. सी. दिल्ली) ने स्त्रोतपुरूष (Resource Person) के रूप में मार्गदर्शन, अपने विचारों की भागीदारी और सहभागियों में परिचर्चाओं को सुगम बनाया।

### पी. – 263 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : जटिल आर्थिक मामलों में अधिनिर्णयन (सितम्बर 18–21, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर एक राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : जटिल आर्थिक मामलों में अधिनिर्णयन, सितम्बर 18–21, 2009 के बीच आयोजित की गई। कार्यक्रम का लक्ष्य जटिल आर्थिक मामलों (सी. ई. सी.) के संचालन के लिए एक विशेष न्यायिक प्रबन्ध के माध्यम से सरकार और वादियों की न्यूनतम लागत पर एक पद्धति तैयार करना था। श्री पुनीत रस्तोगी (संयुक्त संचालक, सीरियस फ्रॉड ऑफिस) और श्री अजय शर्मा (आई. जी. आर्थिक अपराधों की विशेष जांच शाखा, मध्यप्रदेश), ने जटिल आर्थिक मामलों के प्रबन्धन पर जांच एजेन्सियों के विचार प्रस्तुत किये। न्यायाधिपति अर्जुन सिकरी, न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय, और न्यायाधिपति चित्रा वेंकटरमन ने जटिल आर्थिक मामलों को परिभाषित करने और उनके प्रभावशाली प्रबन्धन में परिचर्चाओं का नेतृत्व किया। प्रतिभागियों ने जटिल आर्थिक मामलों से निपटने पर पर अभ्यास पुस्तिका (अभ्यास दिशा-निर्देश) पर चर्चा की। इसी के अनुसार प्रतिभागियों द्वारा प्रदान किये गये आदानों के आधार पर एक प्रलेख बनाया गया।

### पी. – 265 : आपराधिक न्याय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (सितम्बर 19–20, 2009)

आपराधिक न्याय प्रशासन : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की एक राष्ट्रीय संगोष्ठी सितम्बर 19–20, 2009 को आयोजित की गई। कार्यक्रम का लक्ष्य मूलरूप में आपराधिक न्याय के सामने सजा दरों के गिरने, आतंक और कमजोर संस्थाओं से कमजोर अधिकार संरक्षण, निष्पक्ष परीक्षण मानकों के कमजोर पड़ने, त्रुटियों और न्याय की हत्या की चुनौतियों का प्रसंग था। संगोष्ठी के दौरान पर्याप्त समय मालीमथ समिति की सिफारिशों की चर्चा पर लगाया गया। प्रोफेसर एन. आर. माधव मेनन, प्रोफेसर बी. टी कॉल और प्रोफेसर के. एन. सी पिल्लई ने मालीमथ समिति की रिपोर्ट के महत्वपूर्ण दृष्टिकोण बताए। न्यायमूर्ति एस. बी. सिन्हा ने भी विषय और सजा प्रणाली पर एक आलोचनात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। आपराधिक न्याय अधिनिर्णयन में निष्पक्षता और स्थिरता के विषय का पता लगाने के लिए गहन विचार विमर्श हुए।

### पी. – 268 : न्यायिक आचरण और नैतिकता पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (अक्टूबर 3 – 5, 2009)

अदालत के भीतर और बाहर न्यायाधीशों के न्यायिक आचरण और नैतिकता के वर्तमान मानकों के गंभीर मूल्यांकन को विनियमित करने के लक्ष्य से न्यायिक आचरण और नैतिकता पर इस राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्रेक–आउट समूहों में विभाजित प्रतिभागियों को दैनिक कामकाज के दौरान संभावित आक्षेपों और उसके खतरों के प्रमुख स्त्रोतों की पहचान जिनका वे सामना करते है और बदले व्यवहार की जांच और नियन्त्रण के स्थान पर मौजूदा तन्त्रों की समीक्षा करना था। प्रतिभागी जजों ने विभिन्न तरीके जिनमें उच्च न्यायपालिका, वकील, लिपिक वर्ग और वादी अपने को बचाने के लिए प्रक्रियात्मक हनन का सहारा लेते है, पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कानूनी शिक्षा और जागरूकता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से उत्सवों और शिविरों का आयोजन करने की बढ़ती मांग के कारण न्यायाधीशो पर गंभीर दवाब पडता है और इनकी आड़ में वे भावी वादी, वकीलों से बातचीत और सहयोग के लिए मजबूर हो जाते है जो प्रलोभन के विभिन्न रूपों के दृष्टिकोण के साथ आते है।

उच्च न्यायपालिका से प्रख्यात स्त्रोत पुरूष न्यायमूर्ति आर. वी. रवीन्द्रन, न्यायमूर्ति मन्जु गोयल, न्यायमूर्ति नवीन कुमार सिन्हा, न्यायमूर्ति आर. सी. चवन, न्यायमूर्ति मनमोहन सरीन और न्यायमूर्ति डी. एम. धर्माधिकारी ने प्रतिभागियों को धीरे–धीरे समझाया कि इन सभी तत्वों को नियंत्रित करने की शक्ति न्यायाधीशों में निहित रहती है। यदि न्यायाधिकारी अपने चरित्र और व्यवहार के लिए सावधान है, तो हर जगह वह शिकार, धमकी या प्रलोभन के लिए नहीं गिर जाएगा और इस प्रकार अपनी ऐसी छवि विकसित करेगा जिससे वकील न्यायाधीश को कोई प्रस्ताव करने का सोचेंगे भी नहीं। उन्होंने प्रश्नावली की मद्द से विभिन्न तरीकों का उल्लेख किया जिनके द्वारा एक न्यायाधीश निष्ठा और ईमानदारी से परिपूर्ण अपनी पहचान बना सकते है। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागियों ने स्वीकार किया कि न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास बहाल करना अन्तरात्मा की आवाज के द्वारा निर्देशित न्यायाधीश की जिम्मेदारी है।

### पी. – 269 : राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी : रिफ्रेशर कार्यक्रमों की समीक्षा (अक्टूबर 3 – 5, 2009)

राज्य न्यायिक अकादमियों के निदेशकों और अतिरिक्त निदेशकों की रिफ्रेशर कार्यक्रमों की समीक्षा पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में अक्टूबर 3 – 5, 2009 को हुआ। संगोष्ठी का उद्देश्य राज्य न्यायिक अकादमियों के निदेशकों और अतिरिक्त निदेशकों को सतत न्यायिक शिक्षा के भाग के रूप में राज्य न्यायिक अकादमियों द्वारा आयोजित किये जाने वाले रिफ्रेशर कार्यक्रमों पर ज्ञान, विचार और अनुभवों का आपस में और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के साथ आदान–प्रदान करके रिफ्रेशर कार्यक्रमों के लिए लक्ष्योन्मुख और नीति आधारित रूपरेखा विकसित करने में मद्द करना था।

### पी. – 270 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : एम.ए.सी.टी. मामलों में अधिनिर्णयन (अक्टूबर 3–6, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में अक्टूबर 3–6, 2009 को अधिनिर्णयन प्रबन्ध : एम. ए. सी. टी. (MACT) मामलों में अधिनिर्णयन पर आयोजित कार्यशाला का प्रमुख लक्ष्य विभिन्न ज्ञान और कौशल योग्यता चाहने वाले एम. ए. सी. टी. (MACT) मामलों में अधिनिर्णयन प्रबन्ध की गुणवत्ता को मजबूत करना था।

अधिनिर्णयन प्रबन्ध कार्यक्रम के सामान्य परिचय के उपरान्त एक सत्र में न्यायमूर्ति आर. वी. रवीन्द्रन, न्यायाधीश भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की अध्यक्षता में एम. ए. सी. टी मामलों से संबंधित मुख्य बिन्दुओं की पहचान की गई। तीन दिन में प्रमुख रूप से विभिन्न सत्रों में (1) भारतीय सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों के व्यवहार में लिए गये विभिन्न कदम, (2) लापरवाही (समग्र और अंशदायी लापरवाही सहित) सबूतों और तथ्यों का मौत के और तत्संबंधी मामलों में दावों की कार्यवाही और उचित मुआवजे का अभिमूल्यन (3) अनिवार्य बीमा और गरीब, शिकार, माल वाहन, निर्मूल्य यात्री और नकली ड्राइविंग लाइसेन्स, बीमाकर्ता की जिम्मेदारी और पे और रिकवर ऑर्डर की अवधारणा (4) मोटर दुर्घटनाएँ : ट्रिब्यूनल की जिम्मेदारी, योगदान और लक्ष्य। प्रकरण प्रवाह प्रबन्धन और दावा कार्यवाही के विशेष सन्दर्भ में न्यायालय प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का एक प्रस्तुतिकरण हुआ।

सम्मानित स्त्रोत पुरूषों न्यायाधीश जे. आर. मिधा, न्यायाधीश एस. एस. झा, एडवोकेट अरूण मोहन द्वारा कार्यशाला का योग्य निर्देशन किया गया। जिला न्यायपालिका से चौबीस प्रतिभागी न्यायाधीशों ने महसूस किया कि अब वे एम. ए. सी. टी. मामलों को अधिक निश्चिंतता और वस्तुनिष्ठता के साथ निपटा सकते हैं। उनकी प्रतिक्रियाएं बहुत उत्साहवर्धक रहीं क्योंकि उन्हें लगा कि कार्यक्रम ने एक सैद्धान्तिक आधार प्रदान किया है जिससे वे समाजसेवा का नजरिया लेकर एक अच्छे न्यायाधिपति बन सकते हैं।

**पी. – 272 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : जन अपराधों और जन अपकृत्यों के मामलों में अधिनिर्णयन (अक्टूबर 9–12, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में अक्टूबर 9–12, 2009 के बीच अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : जन अपराधों और जन अपकृत्यों के मामलों में अधिनिर्णयन का आयोजन किया गया। सामाजिक परिपेक्ष्य में जन–अपराध पर प्रमुख फोकस के साथ पी. यू. सी. एल. नई दिल्ली से श्री पुष्कर राज ने एक प्रस्तुति दी और प्रस्तुति के बाद श्री सुरेन्द्र सिंह, आई. पी. एस., ए.डी.जी. भोपाल ने जांच और अभियोजन से सम्बंधित मुद्दों पर चर्चा की। न्यायाधिपति एन. के. जैन ने सत्र में अध्यक्षता की। न्यायाधिपति पी. वी. रेड्डी द्वारा निर्देशित प्रतिभागियों ने जन–अपराधों की सुनवाई, सबूत और कानून का अभिमूल्यन, न्यायन और सजा से सम्बंधित मद्दों का विश्लेषण किया। न्यायाधिपति मुरलीधर और श्री सतीनाथ सारंगी ने जन अपकृत्यों के सामाजिक परिपेक्ष्य पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। न्यायाधिपति पी. वी. रेड्डी और न्यायाधिपति मुरलीधर ने जन अपकृत्यों में शिकार के उपचार, और जन अपकृत्यों के मामलों में परीक्षण की परिचर्चाओं का मार्गदर्शन किया और जन अपकृत्यों के मामलों में राहत और मुआवजे पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने जन अपराधों और जन अपकृत्यों के मामलों से निपटने की विभिन्न विधियों पर चर्चा की, जो अदालतों में देरी के महत्वपूर्ण कारणों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया।

**पी. – 274 : गरीबी उन्मूलन, सामाजिक बहिष्कार का मुकाबला और सामाजिक न्याय को बढ़ना : अदालतों का योगदान, पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (अक्टूबर 24–25, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल, में गरीबी उन्मूलन, सामाजिक बहिष्कार का मुकाबला और सामाजिक न्याय को बढ़ाना : अदालतों का योगदान, पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी का अक्टूबर 24–25, 2009 को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य गरीबी उन्मूलन और सामाजिक न्याय के एजेन्डा को न्यायाधीशों के विचारार्थ सामने रखना और रिट अदालत की भूमिका का पता लगाना और उसे बढ़ाना था।

कार्यक्रम के सामाजिक न्याय पक्ष पर प्रकाश डालने और चर्चा का कार्य तीन सत्रों में, अर्थात भारतीय राजनीति में दलित की स्थिति, अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचारों की रोकथाम) अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन में चुनौतियां, और दस्ती सफाई : एक केस स्टडी सम्पन्न हुआ। भोजन पाने का अधिकार, बढ़ती असमानताएं और कृषि प्रधान संकट पर हुए सत्रों में देश की गरीबी से सम्बंधित चुनौतियों पर फोकस रहा। 'दी हिन्दू' से वरिष्ठ पत्रकार श्री पी. साईंनाथ ने ग्रामीण संकट के विषय पर संबोधित किया और श्री विल्सन बेजबडा की दस्ती-सफाई की प्रस्तुति दी कि कैसे देश कानून लागू होने के बावजूद अपमानजनक और अमानवीय प्रथा उन्मूलन में अब तक नाकामयाब रहा है, पर ध्यान केन्द्रित किया।

**पी. – 277 : न्यायाधीशों द्वारा समय प्रबन्धन हेतु तकनीक और उपकरण पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (नवम्बर 6 – 8, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने न्यायाधीशों द्वारा समय प्रबन्धन हेतु तकनीक और उपकरण पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन नवम्बर 6 – 8, 2009 को किया गया। प्रबन्ध के परिपेक्ष्य में समय प्रबन्धन पर समझ का विस्तार करने के लिए डॉ. रविचन्द्रन, निदेशक और डॉ. अशरफ रिजवी, प्रोफेसर, आई. आई. एम ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं और केस स्टडी की मदद से प्रकाश डाला। आई. आई. एम प्रस्तुतियों के तत्वाधान में प्रतिभागियों ने अनेक समूहों में समय प्रबन्धन की विभिन्न बाधाओं और उनके समाधानों की पहचान की। न्यायमूर्ति बी. एस. पाटिल और न्यायमूर्ति आर. सी. चवन ने न्यायाधीशों की समय प्रबन्धन की तकनीकों पर बहुमूल्य आदान देकर चर्चाओं का मार्गदर्शन किया। श्री आशीष शिरोडकर ने महाराष्ट्र मामला सूचना प्रणाली पर एक प्रस्तुति दी जिसने समय पर मामलों में प्रवाह के प्रबन्धन के लिए प्रभावी प्रणाली दी। न्यायाधिपति बी. एस. पाटिल के मार्गदर्शन में प्रतिभागी न्यायाधीशों ने प्रभावी समय प्रबन्धन हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के बाद न्यायालयों में समय प्रबन्ध योजना का एक मसौदा तैयार किया।

**पी. – 279 : अधिनिर्णय प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : परिवारिक विवाद के मामलों में अधिनिर्णयन (नवम्बर 13–16, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में 'अधिनिर्णय प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : परिवारिक विवाद के मामलों में अधिनिर्णयन' का आयोजन नवम्बर 13 - 16, 2009 के बीच किया गया। कार्यक्रम में सोलह उच्च न्यायालय क्षेत्राधिकारों से बाईस पारिवारिक न्यायालय न्यायाधीशों ने भाग लिया। कार्यक्रम का लक्ष्य पारिवारिक विवादों (आर्थिक-सामाजिक परिपेक्ष्य के विशेष सन्दर्भ में) के अधिनिर्णयन में शामिल मुद्दों की पहचान और पारिवारिक विवादों में संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा में न्यायालयों के योगदान, पारिवारिक न्यायालयों तक पहुंच बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों की पहचान, ऐसे मामलों में असली हितों और मुद्दों से स्पष्ट भेद, वैवाहिक विवादों के लिए प्रभावी समाधान और उपचार, निगरानी और संरक्षता के विवाद के मामलों में बच्चों की भलाई की पहचान, घर की गोपनीयता में स्त्रियों की हिंसा से सुरक्षा पर प्रभावी न्यायिक रणनीतियों का विकास, को चर्चा करके स्पष्ट करना था।

नेशनल लॉ इन्स्टीट्यूट यूनीवर्सिटी (NLIU) भोपाल से प्रोफेसर तपन मोहन्ती ने पारिवारिक विवाद के आर्थिक-सामाजिक परिपेक्ष्य को प्रगणित किया। न्यायाधिपति श्रीमती मंजु गोयल, न्यायिक सदस्य, विद्युत अपील अधिकरण, नई दिल्ली, माननीय सुश्री गीता मित्तल,

न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय और प्रोफेसर सुश्री पूनम सक्सेना (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने पारिवारिक विवादों में संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा में न्यायालय के योगदान और पारिवारिक न्यायालयों की पहुंच बढ़ाने मे आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। न्यायाधिपति सुश्री रोशन दलवी और न्यायाधिपति सुश्री मंजु गोयल ने संवैधनिक मानदण्डों पर समझौता किये बिना प्रभावी समाधान और उपचार की ओर मोड़ने पर विचार-विमर्श और चर्चा की। न्यायाधिपति रोशन दलवी ने पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन द्वारा घर की गोपनीयता में स्त्रियों की हिंसा से सुरक्षा पर प्रभावी न्यायिक रणनीतियों का विकास स्पष्ट किया।

डॉ. जी. मोहनगोपाल. निदेशक राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने पारिवारिक न्यायालय में प्रभावी प्रबन्धन के मुद्दों के साथ-साथ पारिवारिक विवादों में संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण जिससे स्वतन्त्रता, समानता और परिवार में स्त्रियों का सम्मान बढ़ाने में न्यायालय की मूल जिम्मेदारी पर चर्चा की। सुझाव दिया गया कि लंम्बित मामलों के विश्लेषण, उन्हें महत्व के क्रम में सुनवाई में प्राथमिकता देना, लक्ष्यों की स्थापना और उन्हें प्रप्ति के प्रयास करना मामला प्रबन्धन में मदद कर सकता है। प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें पारिवारिक विवादों को सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से संवैधानिक परिपेक्ष्य में देखने का एक अवसर कार्यक्रम ने प्रदान किया तथा स्त्रियों के अधिकारों की रक्षा में संवैधानिक मानदण्डों को मन्द किये बिना उचित न्यायिक विधि और प्रबन्धत तकनीक के उपयोग में अपने योगदान को समझने में भी मदद की।

### पी. – 280 : नवोन्नत उच्च न्यायालय न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन (नवम्बर 13–15, 2009)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल ने नवम्बर 13 - 15, 2009 को 'नवोन्नत उच्च न्यायालय न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन' आयोजित किया। इस सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री के. जी. बालाकृष्णन भी शनिवार 14 नवम्बर, 2009 को उपस्थित हुए। सम्मेलन में लगभग 24 नवोन्नत उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य सारे देश के नवनियुक्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को अपने साथी न्यायाधीशों और न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों से न्यायिक प्रणाली और इसकी देश के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियां और चुनौतियों का सामना करने में न्यायालयों का योगदान पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करना था। मुख्य बिन्दु जिन पर कार्यक्रम में विचार विमर्श हुए - अधिनिर्णयन में उत्कृष्टता वृद्धि : आम मुद्दे और चुनौतियां, न्यायिक समीक्षा, सार्वजनिक हित, मुकदमेबाजी, सत्ता अलगाव और न्यायिक सक्रियता, अधीनस्थ न्यायालयों के विकास और मजबूती के लिए रणनीतिक नेतृत्व प्रदान करना था। न्यायाधिपति ए. एम. अहमदी, न्यायाधिपति एस. बी. सिन्हा, न्यायाधिपति पी सदाशिवम, न्यायाधिपति जी. एस. सिंघवी और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट श्री के. के वेणुगोपाल ने चर्चा में आये, विभिन्न प्रकरणों में महत्वपूर्ण आदान दिया तथा बीस नवनियुक्त/ नवोन्नत उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को मार्गदर्शन दिया।

सम्मेलन में यह विचार स्थापित हुआ कि यह न्यायाधिकरण ही है, जिसे लागू करने के लिए परिवर्तन प्रस्तावित करते हुए सरकार का दृष्टिकोण बनाना है। न्यायपालिका में एक राष्ट्रीय सहमति विकसित होनी चाहिए कि न्यायाधिपति और न्यायप्रणाली से क्या आपेक्षित है? यह समझा और स्वीकारा गया कि यह न्यायपालिका में बौद्धिक बहस और महत्वपूर्ण अन्तर्निहित कानूनी अवधारणाओं की समझ की स्थापना द्वारा होगा।

**पी. – 282 : जनवरी 2008 से कानून के विकास में उच्च न्यायालय के योगदान पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (नवम्बर 20 – 22, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने जनवरी 2008 से कानून के विकास में उच्च न्यायालय के योगदान पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन नवम्बर 20 – 22, 2009 में किया। इस कार्यक्रम का संक्षिप्त लक्ष्य सारे देश के जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों को कानूनी विकास के नये क्षेत्रों, न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियो और विभिन्न उच्च न्यायालयों के फैसलों के माध्यम से कानून को योगदान पर चर्चा के लिए एक मंच पर लाना था। सभी प्रतिभागियों ने अपने उच्च न्यायालय द्वारा जनवरी 2008 से कानून के विकास में योगदान पर लिए गये फैसलों पर प्रकाश डालते हुए पेपर प्रस्तुत किये। कार्यशाला में जिला न्यायाधिकरणों से पच्चीस न्यायाधीशों ने भाग लिया।

**पी. – 283 : वैश्वीकरण और भारतीय न्यायिक प्रणाली : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का राष्ट्रीय सम्मेलन (नबम्बर 21–22, 2009)**

भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने नवम्बर 21 – 22, 2009 को वैश्वीकरण और भारतीय न्यायिक प्रणाली : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का लक्ष्य वैश्वीकरण पर विभिन्न विचार प्रस्तुत करके न्यायपालिका के लिए इसकी एक प्रासंगिक समझ पर पहुंचने से था। सम्मेलन की अध्यक्षता न्यायमूर्ति एस. बी. सिन्हा और दूसरे प्रख्यात स्त्रोत पुरूषों (Resource Person) ने वैश्वीकरण और इसके प्रभावों से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए की। सुश्री उत्सा पटनायक कृषि-प्रधान संकट पर बोलीं तथा इसे 1991 के बाद के आर्थिक सुधारों से जोड़ा। श्रम कानून से सम्बंधित सत्र में संवैधानिक न्यायालयों के हाल ही में हुए विभिन्न फैसलों को साठ और सत्तर के दशक के दौरान इस क्षेत्र में प्राप्त लाभ को कैसे पूर्ववत किया,पर गहन चर्चाएं हुईं। सुश्री सुधा भारद्वाज ने भी अपनी प्रस्तुति में कहा कि किस प्रकार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगमन ने श्रमशक्ति को पूरी तरह से हाशिये पर कर दिया है। प्रमुख कार्यकर्ता सुश्री मेधा पाटकर ने वैश्वीकरण का देश में जनता के जीवन पर प्रभाव को प्रतिबिम्बित किया। इसे उदाहरण देकर स्पष्ट करने में उन्होंने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से हजारों लोगों के विस्थापन में राज्य की प्रतिक्रिया का उल्लेख किया।

**पी. – 286 : तनाव प्रबन्धन की तकनीक और उपकरणों पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (दिसम्बर 4 – 6, 2009)**

डॉ. मन्जु मेहता, प्रमुख, (नैदानिक मनोविज्ञान) एम्स, नई दिल्ली की मदद से दिसम्बर 4 – 6, 2009 को 'न्यायाधीशों के लिए तनाव प्रबन्धन' पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला की अवधारणा व उसका विकास किया गया। इस मॉड्यूल के अन्तर्गत (1) तनाव की समझ (2) तनाव के स्त्रोतों की पहचान (3) दैनिक जीवन पर तनाव के प्रभाव, प्रकरण पूरे किये गये। न्यायाधिपति बी. एस. पाटिल और न्यायाधिपति भरूका ने न्यायाधीशों के तनाव प्रबन्धन के महत्व को बताया। डॉ मन्जु मेहता ने सुश्री गीतांजली चुग के साथ मिलकर तनाव प्रबन्धन की तकनीकों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। प्रतिभागियों के साथ गहन चर्चाओं के बाद डॉ मन्जु मेहता ने न्यायाधीशों के तनाव प्रबन्धन की एक योजना का निर्माण किया।

**पी. – 287 : जनवरी 2008 से कानून के विकास में सर्वोच्च न्यायालय का योगदान राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (दिसम्बर 4 – 6, 2009)**

जिला न्यायालय की जनवरी 2008 से कानून के विकास में सर्वोच्च न्यायालय के योगदान पर एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन दिसम्बर 4 से 6, 2009 को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में किया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनवरी 2008 से दिए गये फैसले कार्यक्रम का केन्द्रबिन्दु थे, इन फैसलों ने कानून के विकास की प्रक्रिया को बढ़ाने में योगदान दिया। न्यायिक प्रशासन प्रणाली द्वारा सामना की जाने वाली सात चुनौतियों – (1) मौलिक अधिकार हासिल करना (2) गरीबी उन्मूलन और न्याय (3) सामाजिक एकता को मजबूत बनाना (4) सुरक्षा, संरक्षा और नुकसान का निवारण (5) पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ाना (6) कानून के नियम और संवैधानिक शासन (7) निवेश और आर्थिक संवृद्धि को बढ़ाना, के लिए नई पहल और दृष्टिकोण का पता लगाने का विचार था।

सम्पूर्ण देश के जिला न्यायालयों से सत्ताइस न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में न्यायिक निर्णय के माध्यम से किये गये योगदान परं अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। प्रत्येक प्रतिभागी ने जनवरी 2008 से लिए गये महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रकाश डालते हुए 30-40 मिनिट की प्रस्तुति दी और प्रत्येक प्रस्तुति के बाद परस्पर संवादात्मक (Interactive) चर्चाएं हुईं।

**पी. – 289 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में अधिनिर्णयन (दिसम्बर 11–14, 2009)**

न्यायिक प्रबन्ध के कार्यक्रमों की श्रंखला में, 'अधिनिर्णयन प्रबन्ध : महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में अधिनिर्णयन' पर एक कार्यशाला राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में दिसम्बर 11-14, 2009 के बीच हुई। कार्यशाला में सम्पूर्ण देश की जिला न्यायपालिका से छब्बीस न्यायाधीशों ने भाग लिया। कार्यक्रम का लक्ष्य विभिन्न ज्ञान और कौशल आवश्यकताओं को लेकर महिलाओं के विरूद्ध अत्याचार के मामलों के न्यायिक प्रबन्ध की गुणवत्ता को मजबूत बनाना था। महिलाओं के विरूद्ध अत्याचार (दहेज, महिलाओं पर क्रूरता और घरेलू हिंसा) पर फोकस रखते हुए कार्यक्रम में अन्य सम्बंधित पहलुओं जैसे – महिलाओं के विरुद्ध प्रत्येक प्रमुख प्रकार के अत्याचार में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि, प्रासंगिक न्यायालय और मामला प्रबन्धन विधि, मूल और प्रक्रियात्मक कानून, पहचानने और निर्णय लेने के कौशल और गुणवत्ता व सामयिकता के मूल्यांकन को भी लिया गया।

न्यायाधिपति के. कन्नन, न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय तथा न्यायाधिपति रोशन दलवी, की अध्यक्षता वाले एक सत्र में सुश्री तृप्ति पंचाल, सहायक प्राध्यापक, टी. आई. एस. एस. मुम्बई, ने घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रासंगिक लैंगिक मुद्दों पर प्रस्तुति दी। सामूहिक वकीलों से पैनलिस्ट सुश्री सोनल मखीजा, और उज्जवला कडरेकर ने घरेलू हिंसा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की न्यायिक व्याख्याओं के नवीनतम रूझानों पर विशेष जोर के साथ अधिनियम का एक सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। न्यायाधिपति के. कन्नन, स्त्रियों के विरुद्ध अत्याचारों की रोकथाम के तहत मूल कानूनी और प्रक्रियात्मक मुद्दों और घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्तर्गत मामलों में तथ्यों और कानून की गुण दोष विवेचना सहित घरेलू हिंसा अधिनियम पर बोलीं। प्रोफेसर पूनम सक्सेना ने घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या को प्रगणित किया। कैम्पस लॉ सेन्टर, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बी. टी. कॉल ने स्त्रियों पर अत्याचार के लिए सजा सहित उचित उपाय और सजा पर प्रकाश डाला। लाविया अग्नेस, कार्यकर्ता और डॉ. ऋतु नन्दा, मनोवैज्ञानिक स्त्रियों के विरुद्ध अत्याचार, अत्याचारों के प्रकार तथा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परिपेक्ष्य पर बोलीं।

**पी. – 290 : अधिनिर्णयन प्रबंधन: यौन अपराधों और तस्करी से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (दिसम्बर 18–21, 2009)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में दिसम्बर 18–21, 2009 को अधिनिर्णयन प्रबन्धन : यौन अपराधों और तस्करी से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन पर एक राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का फोकस स्त्रियों के विरुद्ध अपराधों (तस्करी और यौन अपराध) में अधिनिर्णयन पर था। कार्यशाला की संरचना में सामाजिक परिपेक्ष्य में विभिन्न विषयों, स्वरूप और व्यापकता, जांच, तस्करी और यौन अपराधों के फैसले, न्याय तक पहुंच, कानूनी सेवा प्राधिकरण को लेना था। कार्यशाला का लक्ष्य जजों को स्त्रियों और बच्चों की तस्करी की वैश्विक समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना था। सम्पूर्ण भारत के जिला न्यायाधिकरणों से लगभग तीस सदस्यों ने कार्यशाला में सहभागिता ली।

विभिन्न प्रकरणों पर चर्चाओं का नेतृत्व न्यायाधिपति प्रभा श्रीदेवन (मद्रास उच्च न्यायालय), न्यायाधिपति अन्जना प्रकाश (पटना उच्च न्यायालय), श्री पी. एम. नायर, सुश्री सुनीता कृष्णन, सुश्री उज्जवला कदरेकर वकील समूह जैसे प्रख्यात वक्ताओं ने किया।

**पी. – 292 : उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की 'पर्यावरण संरक्षण : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियां' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी (जनवरी 16–17, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में जनवरी 16–17, 2010 को 'पर्यावरण संरक्षण : महत्वपूर्ण मुद्दे और चुनौतियों' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का लक्ष्य उच्च न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों का ध्यान मानव समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेकार और बेईमानी भरी गतिविधियों द्वारा लाये गये सतत पर्यावरण पतन की ओर आकर्षित करना था। द्वि-दिवसीय चर्चाओं का मार्गदर्शन प्रतिष्ठित पैनलिस्ट न्यायाधिपति मुकुन्दकाम शर्मा, न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट, डॉ. सुनीता नारायन, निदेशक विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र, सुश्री अनुमिता रॉयचौधरी और श्री कौशल यादव (विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र से) श्री रामास्वामी अय्यर, नीति और अनुसंधान केन्द्र, सुश्री मधु सरीन, सुश्री मधु बर्मा, और सुश्री डी नागासैला ने किया। विभिन्न उच्च न्यायालयों से भाग लेने वाले न्यायाधीशों ने पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने में भारतीय न्यायपालिका द्वारा उठाये जा सकने वाले कदमों पर मजबूत और तीखी बहस की। उसके बाद परिचर्चा का प्रमुख बिन्दु निष्कर्ष में आया कि गरीबी, सामाजिक बहिष्कार, और पर्यावरण गहन रूप से अन्तर्सम्बंधित है। इसलिए सभी लोग इस बात पर सहमत हुए कि पर्यावरण कानून का अध्ययन मानव, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के बहिष्कार से नहीं हो सकता।

**पी. – 294 : परीक्षण प्रक्रिया प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (जनवरी 8 – 10, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में जनवरी 8 –10, 2010 को परीक्षण प्रक्रिया प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य परीक्षणों की गुणवत्ता और समयबद्धता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों की पहचान करना था। कार्यक्रम में वकीलों और दूसरे हितधारकों की परीक्षण में देरी लाने की चालबाजी की काउंटर रणनीतियों, समय पर परीक्षण सुनिश्चित करने में पुनरीक्षण और अपीलीय न्यायालयों का योगदान, परीक्षण समय पर पूरा करने के लिये प्रोत्साहन पर न्यायिक निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली का योगदान और समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नियोजन और प्रबन्धन प्रणाली पर चर्चाएं हुई। कार्यक्रम में परीक्षण प्रक्रिया प्रबन्धन में अधिक प्रभावी रणनीतियों के विकास में 'खेल सिद्धान्त' के प्रयोग पर चर्चा हुई। न्यायाधिपति आर. बसन्त ने कार्यशाला की अध्यक्षता की और मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में जिला न्यायपालिका के लगभग तीस न्यायाधीश उपस्थित हए।

## पी. – 295 : वैश्वीकरण : जिला न्यायपालिका के लिए प्रमुख चुनौतियां , पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी ( जनवरी 8 – 10, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में जनवरी 8 – 10, 2010 को 'वैश्वीकरण : जिला न्यायपालिका के लिए प्रमुख चुनौतियों' पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का कुल लक्ष्य वैश्वीकरण की चुनौतियों का प्रभावी रूप से जवाब देने के लिए जिला स्तर पर किस प्रकार की न्यायिक प्रणाली को विकसित करने की आवश्यकता है, पर चर्चा करना था। इस तीन दिन के कार्यक्रम में पच्चीस जिला न्यायाधीशों ने भाग लिया और आपराधिक न्याय प्रणाली और नई अर्थव्यवस्था में गरीबों के अनुभव, वैश्वीकरण के मद्देनजर वैश्यावृत्ति और तस्करी के मामलों में अधिनिर्णयन, कामकाजी वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा, श्रम कानून के घटनाक्रम, पर्यावरण सुरक्षा में अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका, विशेष श्रेणी में आने वाले मामलों के नियोजन और प्रबन्ध में जिला न्यायाधीशों की निरीक्षण की भूमिका और वैश्विक राजनीति में असन्तोष के लिए लोकतान्त्रिक स्थान और संगठन के प्रकरणों को लिया गया। कार्यक्रम में विश्लेषण किया गया कि वैश्वीकरण ने देश में किस प्रकार स्थानीय आबादी को और अधीनस्थ न्यायालयों के कार्य को प्रभावित किया और उभरती चुनौतियों पर उचित प्रतिक्रियाओं की चर्चाएं की गईं। न्यायाधिपति टी. बी. राधाकृष्णन, न्यायाधिपति डी. हरी पारन्थनम्, श्री टी. मोहन और श्री पी. पी. पाटकर आर. वैगे, श्री पॉल दिवाकर और श्री विल्सन बैजवाडा ने स्त्रोत पुरूष (Resource Person) के रूप में प्रत्येक प्रकरण पर बहुमूल्य अन्तर्दृष्टि देकर परिचर्चाओं का मार्गदर्शन किया।

## पी. – 296 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध : सामाजिक सुधार, संवैधानिक अधिकारों और नागरिक अधिकारों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (जनवरी 15–18, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में जनवरी 15–18, 2010 को अधिनिर्णयन प्रबन्ध : सामाजिक सुधार, संवैधानिक अधिकारों और नागरिक अधिकारों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का फोकस निर्धारित श्रेणी की मुकदमेबाजी से कैसे निपटा जाय। कार्यक्रम में लिए गये प्रमुख प्रकरण – गरीबी, सामाजिक बहिष्कार, सामाजिक न्याय, समाज सुधार, नागरिक स्वतन्त्रताएं और संवैधानिक अधिकार थे। न्यायाधिपति के. चन्द्रू ने बताया कि भारत में प्रत्येक न्यायाधीश को संवैधानिक दर्शन का पालन और बिना संवैधानिक सिद्धान्तों के उपयोग के कोई न्यायाधीश किसी मामले में फैसला नहीं ले सकता। चर्चा का केन्द्रबिन्दु सामाजिक न्याय को समाज के नजरिये से कैसे देखें अर्थात 'मांग पक्ष' की ओर भी रहा। एन. एल. एस. से प्रोफेसर जॉफेट ने भारत में सामाजिक न्याय के संघर्ष को भी बताया। न्यायाधिपति रामास्वामी ने संविधान में प्रतिष्ठापित सामाजिक न्याय लक्ष्यों को साकार करने में न्यायालयों के योगदान पर एक प्रस्तुति दी। न्यायाधिपति रामास्वामी के अनुसार सामाजिक पुनर्गठन की संवैधानिक प्रतिबद्धता मुख्य रूप से भाग – 4 में दी गई है, जो कि 'आम लोगों के अधिकारों का चार्टर' है। अधीनस्थ न्यायालयों को यह गरीबों के लिए मौलिक अधिकार के रूप में अर्थिक न्याय सुनिश्चित करने में एक अधिकार स्त्रोत के रूप में है। जयपुर राजस्थान से श्री मिमरोठ ने अनुसूचित जाति ओर अनुसूचित जनजातियों पर अत्याचार के अनेको उदाहरण प्रस्तुत किये। उनके विचार में अधिकांश विवाद भू–अधिकारों पर थे। दिल्ली से श्री पॉल दिवाकर के अनुसार दुर्भाग्य से भारत का सामाजिक ढांचा जाति आधरित था और इससे भेदभाव की भावना पनपी। दलित मानवाधिकार के राष्ट्रीय अभियान से डॉ. एस. प्रसाद एस. सी./एस. टी (पी.ओ. ए.) अधिनियम के प्रति गलत धारणाओं पर बोले। उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि तकनीकी आधारों पर अधिनियम के प्रावधानों को पूरी तरह लागू नहीं किया जाता और न्यायाधीश 96.7 प्रतिशत मामलों में अभियुक्तों को अपराधमुक्त कर देते हैं। श्री विल्सन बेजवाडा (जो दस्ती सफाई उन्मूलन और पुनर्वास आन्दोलन में एक प्रतिष्ठित कार्यकर्ता है) ने सफाई कामगारों की भारत में मौजूदा वास्तविकताओं पर एक मार्मिक प्रस्तुति दी।

डॉ. एस. मुरलीधर ने कहा कि न्यायाधीश की ओर से इसमें एक सक्रिय रवैया अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने न्यायाधीशों को बाहर समुदाय तक पहुचने और कानूनी सेवाओं के अधिकार को अधिकतम संभावित सीमा तक उपयोग करने की सलाह दी। अधिवक्ता बी. बी. मोहन ने बताया कि अधीनस्थ न्यायालयों ने मानव अधिकारों को उतनी गम्भीरता से नहीं लिया है जितना कि लेना चाहिए था। उन्होने वकालत की कि जब भी अभियुक्त, कैदी या किसी के भी संवैधानिक अधिकार दांव पर हो तो मामलों से सभी स्तरों पर कानून के सख्त उपयोग होना चाहिए। सुश्री सुधा भारद्वाज ने भी मत दिया कि संविधान को कायम रखना ही नागरिक स्वतन्त्रताओं की रक्षा है।

**पी. – 297 : गरीबी, सामाजिक बहिष्कार और सामाजिक न्याय : जिला न्यायपालिका के लिए प्रमुख चुनौतियां पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (जनवरी 15 – 17, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में जनवरी 15–17, 2010 को 'गरीबी, सामाजिक बहिष्कार और सामाजिक न्याय : जिला न्यायपालिका के लिए प्रमुख चुनौतियाँ ' पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायाधीशों को गरीबी और सामाजिक न्याय के लिए संवेदनशील बनाने के लक्ष्य से किया गया। प्रोफेसर (डॉ.) जी. मोहन गोपाल ने गरीबी की स्थिति का एक विवरण देकर अर्जुन सेनगुप्ता समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें भी प्रस्तुत कीं। न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर, न्यायमूर्ति के. रामास्वामी और न्यायमूर्ति के. चन्द्रू ने स्त्रोत पुरूष (Resource Person) के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किये, मार्गदर्शन दिया और प्रतिभागियों में विचारविमर्श को सुविधाजनक बनाया। संगोष्ठी में सम्पूर्ण देश से आये हुए लगभग तीस जिला न्यायाधीशों ने अपनी प्रतिभागिता दी।

**पी. – 298 : अपील और संशोधन कार्यवाही प्रबन्धन राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (जनवरी 22 – 24, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने जनवरी 22 – 24, 2010 को अपील और संशोधन कार्यवाही प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का लक्ष्य दीवानी और आपराधिक दोनों मामलों में अपील और संशोधन की कार्यवाही में आने वाले मुख्य न्यायिक कौशलों का विश्लेषण और उनकी उत्कृष्टता को बढ़ाना था। जिला न्यायपालिका से पच्चीस न्यायाधीशों को न्यायाधिपति सुनील अम्बानी, न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय और न्यायाधिपति के. कन्नन, न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्त्रोत पुरूष के रूप में मार्गदर्शन दिया। परिचर्चा में आये विषय – दीवानी अपील : अपीलीय न्यायालय का योगदान व जिम्मेदारियां और हस्तक्षेप का दायरा, सिविल संशोधन : उपयोग ओर मुद्दे : हस्तक्षेप का दायरा, आपराधिक अपील : अपीलीय न्यायालय का योगदान व जिम्मेदारियां और हस्तक्षेप का दायरा, उपयोग एवं दुरुपयोग : हस्तक्षेप का दायरा, थे। अन्तर्निहित विषय था कि जल्दी और समय पर न्याय सुनिश्चित करने तथा लम्बित कम करने में अपील और संशोधन की कार्यवाही का प्रभावशाली उपयोग हो सकता है। न्यायाधिपति सुनील अम्बवानी ने अपील और संशोधन को त्वरित न्याय, लम्बित कम करने, अधिकार संरक्षण और फैसला लेखन के उपकरण में भी आगे बढ़ाया।

**पी. – 300 : कानून के विकास (2008 से अब तक) में उच्च न्यायालयों के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (जनवरी 23–24, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने जनवरी 2008 से कानून के विकास में उच्च न्यायालयों के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का जनवरी 23 – 24, 2010 को आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संक्षिप्त लक्ष्य सम्पूर्ण देश के उच्च न्यायालय के

न्यायाधीशों को एक जगह लाकर विभिन्न उच्च न्यायालयों के फैसलों के माध्यम से कानून के विकास के नये क्षेत्रों और न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों की परिचर्चा करना था। कार्यक्रम के विषय के अनुसार प्रतिभागियों ने अपने-अपने उच्च न्यायालय में जनवरी 2008 से कानून के विकास में योगदान देते हुए लिए गये फैसलों पर प्रकाश डालते हुए 30 - 40 मिनिट की प्रस्तुति दी। प्रत्येक प्रस्तुति के बाद परस्पर संवादात्मक चर्चाएं हुईं जिनमें विस्तृत क्षेत्र में भारतीय न्यायपालिका के योगदान को लिया गया। न्यायाधिपति एस. बी. सिन्हा, पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय ने सगोष्ठी के दो सत्रों की अध्यक्षता की, और गहनता से प्रस्तुति के बाद की चर्चाओं में योगदान दिया। सम्पूर्ण देश से लगभग तीस उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने संगोष्ठी में सहभागिता की।

**पी. - 303 : अदालतों में देरी और बकाया में कमी लाने के लिए ए. डी. आर. और प्ली (Plea) बार्गेनिंग के प्रभावी उपयोग पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (फरवरी 5 - 7, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने अदालतों में देरी और बकाया में कमी लाने के लिए ए. डी. आर. और प्ली (Plea) बार्गेनिंग के प्रभावी उपयोग पर एक राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का फरवरी 5 - 7, 2010 को आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य ए. डी. आर और प्ली बार्गेनिंग का उपयोग करके न्यायालयों में देरी और बकाया में कमी लाने की विधि का विकास करना था। इस जिला न्यायपालिक न्यायाधीशों के तीन दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन में - (1) ए. डी. आर और न्यायिक मुद्दे (2) ए. डी. आर. : आलोचनात्मक मूल्यांकन (3) मध्यस्थता और सुलह अधिनियम और इसकी अधीनस्थ न्यायालयों के लिए प्रासंगिकता (4) ए. डी. आर का वैवाहिक मामलों में उपयोग कैसे हो? (5) सी. पी. सी. के सैक्शन 89 के कार्यान्वयन का कौशल (6) आपराधिक मामलों में प्ली बार्गेनिंग - (क) वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां (ख) संवैधानिक रक्षोपाय (7) एन. ए. एल. एस. ए. का योगदान और (8) ए. डी. आर. की भावना के प्रकरणों पर चर्चा हुई। न्यायाधिपति अमित तालुकदार, न्यायाधिपति अर्जुन सिकरी, न्यायाधिपति मंजु गोयल, श्री फिरदौस अली कासम, श्री आर. आर प्रसाद, डॉ भास्कर मोहन और श्री सरथचन्द्रन ने स्त्रोत पुरूषों के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

**पी. - 305 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : नागरिक विवादों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन (फरवरी 12-15, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी परिसर भोपाल में 'अधिनिर्णयन प्रबन्ध : नागरिक विवादों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन' पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का फरवरी 12 - 15, 2010 को आयोजन किया गया। कार्यशाला का लक्ष्य सिविल न्यायालयों की क्षमता और दृष्टिकोण से वर्तमान सिविल अधिनिर्णय को अधिक प्रभावपूर्ण करने में मजबूत बनाना और सिविल अधिनिर्णय के नये क्षेत्रों पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का इरादा प्रतिभागियों को वर्तमान और उभरते नये सिविल मामलों में और अधिक प्रभावी अधिनिर्णयन की रणनीतियों से सुसज्जित करना था। कार्यक्रम में, अधीनस्थ न्यायपालिका का द्वासमान सिविल न्यायक्षेत्र, नागरिक मुकदमेबाजी (भूमि और सम्पत्ति) के वर्तमान क्षेत्रों में अधिनिर्णयन प्रबन्ध की प्रभावशीलता का मूल्यांकन, अनुबन्ध विवाद (सम्पत्ति दावा सहित), सामाजिक आवश्यकताओं जैसे - 1. अपकृत्य, 2. पर्यावरण संरक्षण 3. नागरिक अधिकार और वैयक्तिक विवाद, 4. कम्पनी और निगमित कानून, 5. आई. पी. आर., सैक्शन 89 सी. पी. सी., ए. डी. आर, और न्यायालयों का योगदान, नागरिक विवादों में न्यायालय

और मामला प्रबन्धन, की प्रतिक्रिया में नागरिक अधिनिर्णयन के बढ़ते हुए क्षेत्र जैसे विषय लिये गये। न्यायाधिपति पी. के. बालासुब्रमणियम, न्यायधिपति वी. वी. एस. राव, न्यायाधिपति नवीन सिन्हा, न्यायाधिपति संजीव बैनर्जी, ने परिचर्चाओं की अध्यक्षता और स्त्रोत पुरुष के रूप में कार्यशाला का मार्गदर्शन किया। जिला न्यायाधिकरणों के लगभग तीस न्यायाधीशों ने कार्यशाला में प्रतिभागिता की।

### पी. – 306 : कानून के विकास (2008 से अब तक) में सर्वोच्च न्यायालय के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (फरवरी 13–14, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने फरवरी 13 व 14, 2010 को कानून के विकास (2008 से अब तक) में सर्वोच्च न्यायालय के योगदान पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रमुख फोकस कानून के विकास को बढ़ाने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनवरी 2008 से दिये गये विभिन्न फैसलों पर था। नई पहल और दृष्टिकोण का पता लगाना और चर्चा करना और न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाले कानूनी विकास के नये विचारों और चुनौतियों की चर्चा करना और उच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों से नये कानूने के विकास पर योगदान करने का विचार था। उच्च न्यायालय के तीस प्रतिभागी न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जनवरी 2008 से लिए गये महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयो से किये गये योगदान पर लगभग 30–40 मिनिट में अपने पेपर प्रस्तुत किए। प्रत्येक प्रस्तुति के बाद इंटरैक्टिव चर्चाए हुई। न्यायाधिपति दलवीर भंडारी और न्यायाधिपति ए. के. पटनायक ने दो दिवसीय संगोष्ठी की सह–अध्यक्षता की तथा प्रस्तुतियों के बाद होने वाली चर्चाओं में गहनता से योगदान किया।

### पी. – 309 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला : उपभोक्ता विवादों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन (मार्च 5–8, 2010)

अधिनिर्णयन प्रबन्ध : उपभोक्ता विवादों से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में मार्च 5–8, 2010 को आयोजित की गयी। सम्पूर्ण देश से जिला उपभोक्ता मंच के उन्नीस अध्यक्षों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यक्रम का लक्ष्य अधिनिर्णयन में विविध ज्ञान और कौशल की आवश्यकता वाले अधिनिर्णयन प्रबन्ध की गुणवत्ता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण कानून, भारत में उपभोक्ता न्यायालयों की कार्यप्रणाली, भारत में अपकार( Tort )कानून, उपभोक्ता मन्च के सामने कार्यवाही के क्षेत्र और चरण, उचित क्षतिपूर्ति का आकलन, मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना, फैसलों का प्रवर्तन और फैसलों में निहित निर्णयन की गुणवत्ता आदि जैसे विषयों को लिया गया।

अधिनिर्णयन प्रबन्ध कार्यक्रम के सामान्य परिचय के पश्चात प्रतिभागियों ने उपभोक्ता विवाद से सम्बंधित अधिनिर्णयन के मामलों में प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों की पहचान की। उपभोक्ता संरक्षण के सामाजिक और आर्थिक आयामों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। न्यायाधिपति भंवरसिंह ने ब्रेक–आउट समूहों के प्रस्तुति सत्रों की अध्यक्षता की, न्यायाधिपति भंवरसिंह और डॉ. पी. के. अग्रवाल भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून और मंच के महत्वपूर्ण मूल्यांकन और भारत में उपभोक्ता अदालतों के कामकाज के मूल्यांकन पर बोले। न्यायाधिपति एम. बी. शाह, सेवानिवृत न्यायाधीश भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने सत्र की अध्यक्षता की और न्यायाधिपति भंवरसिंह ने अपकार (Tort) कानून और भारत में उपभोक्ता – महत्वपूर्ण मुद्दों और रणनीतियों का आकलन और महत्वपूर्ण मुद्दों पर उपभोक्ता मंचों के सम्मुख कार्यवाही को सम्बोधित किया। उपभोक्ता मंचों के सम्मुख तथ्यों और सबूतों की सराहना के महत्वपूर्ण मुद्दों

को सम्बोधित करने की रणनीतियों, उचित क्षतिपूर्ति का आकलन, मामलों के शीघ्र निपटारे और न्याय के प्रवर्तन सुनिश्चित करने पर चर्चाएं हुई। न्यायाधिपति एम. बी. शाह ने सत्र की अध्यक्षता की और स्त्रोत पुरुषों के पैनल, अर्थात् न्यायाधिपति भंवर सिंह और श्रीमती राज्यलक्ष्मी राव मुद्दों पर बोले। न्यायाधिपति भंवरसिंह फैसलों में निर्णयन की गुणवत्ता पर बोले। उपभोक्ता विवाद के मामलों में व्यवहार करने में अध्यक्षों को उनके योगदान और जिम्मेदारियों का सुग्राहीकरण ही इस कार्यक्रम के माध्यम से मूल्यवर्द्धन था। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की बहुत अधिक प्रशंसा की। उनका प्रत्युत्तर इस अर्थ में बहुत उत्साहजनक था कि कार्यशाला ने उन्हें समाजसेवा के दृष्टिकोण के साथ एक अच्छे न्यायाधीश के विकास का एक सैद्धान्तिक आधार प्रदान किया।

**पी. – 311 : अनुसंधान कार्यक्रमों की समीक्षा पर राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी ( अप्रैल 20 – 21, 2010)**

राज्य न्यायिक अकादमियों की द्वि-दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में अप्रैल 20-21 , 2011 को अनुसंधान को बढ़ावा देने में अकादमियों के योगदान और अनुसंधान कार्यक्रमों के अनुभवों में सहभागिता के लिए किया गया। राज्य न्यायिक अकादमियों के निदेशक और संकाय सदस्य मिलाकर कुल उन्नीस प्रतिभागी कार्यक्रम में थे।

कार्यक्रम का लक्ष्य अनुसंधान कार्यक्रमों से न्यायिक प्रणाली की उत्कृष्टता बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना था, जो स्वतन्त्रता संग्राम की विशेषताएं आत्मसात करते हुए संवैधानिक मूल्यों पर आधारित न्याय के मजबूत सिद्धान्तों के निर्माण की ओर अग्रसर हो।

कार्यक्रम में लिए गये प्रमुख मुद्दे – (1) अनुसंधान के योगदान और औचित्य को समझना (क्यों?), (2) अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान (क्या?), (3) अनुसंधान के पद्धति के मुद्दे (कैसे?) (4) अनुसंधान कार्यक्रम की मूल्यांकन रणनीतियों को समझना और 2010-11 के लिए एक अनुसंधान ऐजेण्डा बनाना, रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि न्याय के एक नये सिद्धान्त की आवश्यकता है और उसमें न्यायाधीशों को एक क्रान्तिकारी भूमिका निभानी है। कार्यक्रम की समाप्ति पांच से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं, जो कारणों का पता लगाने की रणनीति के साथ भारतीय न्यायपालिका को मामलों की पांच साल से अधिक की लंबमानता (Pendency)को अंगीकार करने के व्यवहार के साथ हुई।

**पी. – 312 : फैसला लेखन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (मार्च 19 – 21, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में मार्च 19 – 21, 2010 को फैसला लेखन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला न्यायपालिकाओं से तीस न्यायाधीशों की उपस्थिति वाले इस कार्यक्रम का लक्ष्य विभिन्न प्रकार के फैसलों में विश्लेषण हेतु मूल न्यायिक कौशलों की उत्कृष्टता बढ़ाने में मदद करना था। कार्यक्रम का फोकस न्यायिक फैसले लेखन के कौशल में भी बढ़ोत्तरी करना था। परिचर्चाएं प्रमुख रूप से – (1) अच्छे फैसले के क्या रूप हैं? (2) न्याय की गुणवत्ता के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का ढांचा (3) चुने हुए फैसलों की एक महत्वपूर्ण चर्चा (4) फैसले का मूल्यांकन कैसे हो? (5) फैसले में आधारभूत निर्णयन की गुणवत्ता (6) संप्रेषणीयता और लागू करने की क्षमता की गुणवत्ता का मूल्यांकन (7) फैसला लेखन में प्रथाओं और मानकों की सर्वोत्तम अभ्यास दिशा निर्देशों का विकास, के विषयों पर ही केन्द्रित रहीं। न्यायाधिपति वी. वी. एस. राव और न्यायाधिपति आर. बसन्त ने स्त्रोत पुरुष के रूप में अपने विचारों का सहभाजन करते हुए मार्गदर्शन दिया।

**पी. – 314 : भारतीय न्यायपालिका : अगले दशक, में पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (मार्च 20–21, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में भारतीय न्यायिक प्रणाली की दीर्घकालीन चुनौतियां, और इन चुनौतियों की प्रतिक्रिया में न्यायिक प्रणाली को मजबूत बनाने में पहल पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की एक राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी संयोजित की गई। संगोष्ठी में दस साल के करीब बची सेवा वाले लगभग सत्ताइस उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। विख्यात पैनलिस्ट न्यायमूर्ति टी. एस. ठाकुर, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा, (भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश), न्यायाधिपति रूमा पाल, प्रोफेसर एन. आर. माधव मेनन, डॉ. एल. सी. जैन, डॉ. प्रभात पटनायक, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री फली एस. नरीमन और अधिवक्ता श्री प्रशान्त भूषण ने परिचर्चाओं का मार्गदर्शन किया। परिचर्चाएं प्रमुख रूप से भारतीय संविधान में जनता से वायदे, इक्कीसवी सदी में भारतीय राजनीति के लिए चुनौतियां न्यायिक जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा जैसे विषयों पर आधारित थी। सभा में महत्वपूर्ण टिप्पणियां करते हुए न्यायपालिका को संविधान में परिकल्पित सामाजिक-आर्थिक क्रांति की एक भुजा के रूप में बदलने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

**पी. – 316 : अदालत में मामलों का भार और मामला प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला (अप्रैल 2 – 4, 2010)**

अदालत में मामलों का भार और मामला प्रबन्धन पर राष्ट्रीय न्यायिक कार्यशाला का आयोजन अप्रैल 2-4, 2010 तक किया गया। कार्यशाला में सत्रह प्रदेशों से तेईस न्यायाधीशो ने भाग लिया। इस कार्यशाला का प्रमुख लक्ष्य केस और न्यायालय के प्रभावपूर्ण प्रबन्धन से विशिष्ट न्यायिक कौशलों को मजबूत बनाने की विधियों का विकास करना था। डॉ. जी. मोहनगोपाल, निदेशक राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का सामान्य परिचय और समय पर न्याय के लिए नियोजन और प्रबन्ध पर न्यायालयों की भूमिका को बताया। प्रतिभागियों ने उनके द्वारा मामला प्रबन्ध में सामना की जाने वाली विभिन्न कठिनाइयों और अपने अनुभवों को बताया। प्रतिभागियों की चर्चाएं प्रमुख रूप में अधिवक्ताओं और दूसरे हितधारकों की वजह से आये अवरोधों पर केन्द्रित रहीं। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के परिपेक्ष्य में अदालत के व्यवस्थित विकास के लिए प्रमुख रूप से छः कारकों – भूमिका, संगठन, ज्ञान, विधि, प्रबन्ध और पहुंच (ROKMMA) को लेते हुए निर्धारित निष्पादन लक्ष्य प्राप्त करने पर प्रकाश डाला गया इसमें अदालत-वार पांच वर्षीय योजनाओं (पांच वर्षीय योजनाएं 3 वर्ष/2 वर्ष/1 वर्ष की कार्ययोजना के साथ) को साधन के रूप में उपयोग करने पर बल दिया गया।

न्यायाधिपति आर. सी. चवन ने केस, केस लोड और केस प्रबन्ध के महाराष्ट्र अनुभवों पर एक प्रस्तुति दी इसके तुरंत बाद ई-कोर्ट पर जोर देते हुए न्यायालय प्रबन्धन पर सुश्री सोनिया गोकनी की विस्तृत प्रस्तुति हुई। न्यायाधिपति मोहन शान्तनागौडर ने कर्नाटक पर अपने अनुभव बताए। न्यायाधिपति पी. एस. गोपीनाथन ने केरल में प्रभावी रूप से कार्यान्वित सूची प्रणाली पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रोफेसर रवि चन्द्रन, निदेशक आई. आई. एम. इन्दौर केस, केस लोड और केस प्रबन्ध के प्रबन्धकीय परिपेक्ष्य पर बोले।

न्यायाधिपति सिन्हा ने मॉडल अदालत विकास की योजना-प्रबन्ध और रणनीति पर अपने अनुभव व्यक्त किये। कार्यक्रम का मूल्यवर्धन न्यायालय, केस और केस लोड प्रबन्ध और सामयिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी प्रबन्ध के लिए प्रभावी रणनीति का पता लगाना था। प्रतिभागियों को आश्वस्त किया गया कि उन्हें न्यायालय प्रबन्ध की प्रमाप प्रणाली अपनाना चाहिए और अदालत-वार पांच वर्षीय योजनाओं (पांच वर्षीय योजनाएं 3 वर्ष/2 वर्ष/1 वर्ष की कार्ययोजना के साथ) और जिला स्तरीय न्यायिक प्रणाली के विकास को

लेते हुए एक नीति फ्रेम की स्थापना करनी चाहिए।

परिचर्चाओं के बाद प्रतिभागियों को आश्वस्त किया गया कि अदालत प्रबन्धन की प्रमापी प्रणाली की परम आवश्यकता है, जिसमें निम्नलिखित का समावेश होना चाहिए :

1. प्रक्रिया प्रबन्ध, प्रक्रिया पुन:-इंजीनियरिंग, प्रक्रिया स्वचालन
2. हितधारक प्रबन्ध (प्रक्रिया सर्वरों से सामयिक आदान सुनिश्चित करना, सलाह, गवाह)
3. स्टाफ प्रबन्ध
4. दक्षता और आउटपुट / निर्णय प्रबन्ध का निष्पादन
5. नियोजन और बजटिंग के साथ बुनियादी सुविधाओं और स्त्रोत का प्रबन्ध
6. उपयोगकर्ता इंटरफेस प्रबन्ध
7. सूचना और दस्तावेज प्रबन्ध
8. सांख्यिकी, डाटा प्रबन्ध और रिपोर्टिंग।

विभिन्न सत्रों की समाप्ति, इस विचार के साथ हुई कि केसलोड का गुणात्मक विश्लेषण, रैंकिंग और प्राथमिकता निर्धारण, समयबद्धन को मिलाकर समय संसाधन प्रबन्धन, जटिल/उपेक्षित/विकृत मामलों के स्थापित करने और निगरानी करने की समय सारणियां, क्लबिंग और समूहीकरण के उपयोग और जटिल मामलों के लिए मामला प्रबन्धन सेवा आज की परम आवश्यकता है।

### पी. – 317 : समयबद्ध न्याय को बढ़ावा : प्रमुख चुनौतियां, पर जिला न्यायपालिका के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (अप्रैल 2 – 4, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी नें समयबद्ध न्याय को बढ़ावा : प्रमुख चुनौतियां पर जिला न्यायपालिका के लिए राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी अप्रैल 2-4, 2010 को आयोजित की गई। कार्यशाला में बाईस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी का लक्ष्य देश के सामने प्रमुख सामजिक चुनौतियों पर न्यायालयों की अनुक्रियाशीलता की गुणवत्ता का विश्लेषण करके उसे और अधिक मजबूत बनाना था। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की अनुसंधान और प्रतिभागियों के परिपेक्ष्य में देरी और बकाया को कम करने और न्याय की गुणवत्ता व जवाबदेही बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रोफेसर डॉ. जी. मोहनगोपाल, निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और न्यायधिपति शान्तान्गौडर, न्यायाधीश, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जिला न्यायालयों से बाईस न्यायाधीशों के साथ समय पर न्याय को बढ़ाने के मामलों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने समय पर न्याय के स्वरूप को लागू करने में अपनी समस्याएं और शंकाएं प्रस्तुत कीं। प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटकर प्रत्येक समूह को पंचवर्षीय कोर्ट विकास योजना बनाने का अवसर दिया गया। न्यायाधिपति एस. बी. सिन्हा और न्यायाधिपति शान्तान्गौडर के सम्मुख प्रतिभागियों द्वारा निर्मित योजनाओं को प्रस्तुत करके विचारविमर्श किया गया। प्रतिभागी एक ड्राफ्ट पंचवर्षीय न्यायालय विकास योजना पर सहमत हुये और उन्हें आश्वस्त किया गया कि इसी प्रकार उनके स्वयं के न्यायालय का प्लान समय पर न्याय को बढ़ाने ने बहुत प्रभावशाली होगा।

## पी. – 319 : न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम (JEEP) (द्वितीय विजिट) (अप्रैल 9 – 16, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के वर्ष 2009 – 2010 के कैलेन्डर में 'राष्ट्रीय गहन न्यायिक उत्कृष्टता वृद्धि कार्यक्रम' था जो कि विशेष रूप से प्रतिभागियों और अंतत: अदालतों के काम पर प्रदर्शनीय प्रभाव डालने के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम में पहचाने गये क्षेत्रों में प्रदर्शन में सुधार के लिए प्रतिभागियों की राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की दो विजिट को शामिल किया गया था। प्रथम विजिट अगस्त 7–9, 2009 को तथा दूसरी विजिट अप्रैल 9–16, 2010 को आयोजित की गई। दूसरी विजिट में प्रतिभागियों द्वारा प्रथम विजिट में निर्दिष्ट रुचि के आधार पर उनको तीन भागों में विभाजित कर दिया गया तथा प्रत्येक भाग के लिए अलग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह तीन भाग थे – (1) पहचानना और निर्णय लेना (2) अदालत के प्रबन्धन पर कार्यशाला (3) कानून की आधारभूत सैद्धान्तिक अवधारणाओं का ज्ञान। सम्पूर्ण देश के आये जिला न्यायपालिकाओं से लगभग 69 न्यायाधीशों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

डॉ. मन्जु मेहता और न्यायाधिपति मन्जु गोयल ने पहचानने और अधिनिर्णयन पर निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्यशाला को पर सम्बोधित किया –

(1) न्यायाधीशों की भूमिका
(2) अधिनिर्णयन के मनोवैज्ञानिक आयाम
(3) तथ्यों और कानून की सराहना
(4) अधिनिर्णयन की आदर्शक विधि (आदान पर फोकस)
(5) सम्प्रेषण कौशल

अदालत प्रबन्ध पर कार्यशाला में प्रतिभागियों को निम्नलिखित विषयों को प्रस्तुत किया गया :

(1) लक्ष्य और निष्पादन प्रमापों की स्थापना
(2) केस लोड और केस विश्लेषण
(3) केस लोड प्रबन्ध रणनीति का विकास
(4) केस प्रबन्ध : व्यक्तिगत मामलों के लिए समयसारणी विकसित करना
(5) बाधाओं / रुकावटों पर काबू पाना
(6) कोर्ट विकास नियोजन

न्यायाधिपति संजीब बनर्जी ने उन प्रतिभागियों से बातचीत की जिन्हें भोपाल के मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के लिए पांच वर्षीय योजना बनाने के लिए कहा गया था। तदनुसार उन्होंने जिला न्यायालय, भोपाल का भ्रमण करके कोर्ट के रिकार्ड से डाटा भी इकट्ठा किया। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने प्रतिभागियों द्वारा लाये गये डाटा का सारणीकरण करके उस पर कार्य भी किया। अकादमी ने सारणीकृत डाटा को अपनी टिप्पणियों के साथ प्रमुख न्यायिक दण्डाधिकारी, जिला न्यायाधीश और भोपाल के अन्य न्यायिक अधिकारियों के सामने रखा। डाटा और अकादमी द्वारा किया गया सारणीयन, प्रमुख न्यायिक दण्डाधिकारी (CJM), भोपाल को सौंप दिया गया जिससे वे सी. जे. एम. (CJM), भोपाल के न्यायालय के लिए अपनी पांच वर्षीय योजना बना सकें।

कानून की बुनियादी सैद्धान्तिक अवधारणाओं के ज्ञान की धारा में प्रतिभागियों को डॉ. एम. पी. सिंह, प्रो. वी. एस. मल्लर, प्रो. एम. पी. पी. पिल्लै, प्रो. बी. बी. पाण्डे, और प्रो. वी. जी. हेंगड़े ने विभिन्न विषयों पर सम्बोधित किया। निम्न विषयों पर चर्चा हुई :

1. सार्वजनिक कानून : संवैधानिक और प्रशासनिक कानून : बुनियादी सैद्धान्तिक अवधारणाएं
2. आर्थिक कानून : संविदा और सम्पत्ति कानून
3. आपराधिक कानून : मूल बातें और अपकृत्य कानून
4. सार्वजनिक अन्तर्राष्ट्रीय कानून : मूल बातें
5. निजी अन्तर्राष्ट्रीय कानून।

### पी–320 : अधिनिर्णयन प्रबंधन : रिट याचिकाओं का अधिनिर्णयन पर कार्यशाला (16–19 अप्रैल, 2010)

अधिनिर्णयन प्रबंधन : रिट याचिकाओं का अधिनिर्णयन पर अप्रैल 16–19, 2010 में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, जो उच्च न्यायालय में चयन हेतु पात्र है, के द्वारा दिये गये अनुभवो के आधार पर विभिन्न विवादो का अधिनिर्णयन द्वारा निपटारे पर विचार किया गया। कार्यशाला में विवाद से संबधित विभिन्न कानूनो तथा उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, वर्तमान परिपेक्ष्य में राज्यो द्वारा दी गई विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की गई । उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री एस.बी. सिन्हा एवं न्यायमूर्ति श्री. सी. के. ठक्कर ने भी अधिनिर्णयन के वर्तमान पहलुओ तथा उनके सुधार पर विचार व्यक्त किये। न्यायमूर्ति के. चन्द्रू, न्यायमूर्ति एस बनर्जी, एवं न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर ने भी उपने उच्च न्यायालय के अनुभव बाटें। विभिन्न विवादो का क्षेत्राधिकार तथा सामाजिक न्याय, नागरिक स्वतंत्रता इत्यादि विषयों पर सत्र में चर्चा हुई।

### पी. – 322 : भारतीय न्यायपालिका : अगले दशक में पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (अप्रैल 17–18, 2010)

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में भारतीय न्यायपालिका : अगले दशक में पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की राष्ट्रीय संगोष्ठी अप्रैल 17–18, 2010 को आयोजित की गई। संगोष्ठी में सम्पूर्ण देश से लगभग पच्चीस उच्च न्यायालय के उन न्यायाधीशों ने भाग लिया जिनकी सेवा अभी दस वर्ष या इससे अधिक और बची हुई थी। संगोष्ठी का लक्ष्य उन विभिन्न चुनौतियों की चर्चा करना था जो कि भारतीय न्यायपालिका के सामने अगले दशक में आ सकती है।

न्यायमूर्ति ए. के गांगुली और न्यायमूर्ति एस. बी. सिन्हा ने इस दो दिवसीय संगोष्ठी की कार्यवाही की अध्यक्षता की। न्यायमूर्ति ए. पी. शाह ने, वर्तमान सुप्रीम कोर्ट और 80 के दशक के सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण मूल्यांकन प्रस्तुत किया। श्री अनिल दीवान ने न्यायपालिका के परिपेक्ष्य में 'पारदर्शिता और जवाबदारी' पर अपनी प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को प्रतिभागियों ने भली प्रकार लिया। सुश्री इन्दिरा जयसिंह भारतीय संवैधानिक नीतियों की बदलती प्रकृति पर बोलीं। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में तर्क दिया कि न्यायिक उपकरण और माहौल अपनी प्रकृति में बड़े पैमाने पर अब भी उपनिवेशवादी है, और किस प्रकार से उच्च अदालतों के निर्णय तेजी से जनता के हितों के साथ संघर्ष में आ रहे है।

**पी. – 324 : आतंकवाद, सुरक्षा और संरक्षा पर राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी (अप्रैल 30 – मई 2, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में 'आतंकवाद, सुरक्षा और संरक्षा' पर जिला न्यायालय के सीनियर न्यायाधीशों की राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी अप्रैल 30 से मई 02, 2010 को आयोजित की गई। संगोष्ठी का लक्ष्य अनूठी प्रकृति के विशेष आतंकवादी विरोधी कानून और इसके मानवाधिकार निहितार्थों पर चर्चा करना था। न्यायाधिपति अमित तालुकदार न्यायाधीश कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संगोष्ठी की कार्यवाही की अध्यक्षता की।

संगोष्ठी के दौरान श्री ज्ञान कृष्णन, विशेष अभियोजक सी. बी. आई. ने विशेष कानूनों के अभियोजक परिपेक्ष्य को बताया। उन्होंने प्रत्यर्पण कानून से सम्बंधित नवीनतम स्थिति पर एक तकनीकी सत्र भी लिया। श्री रवि नायर, वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता ने अपनी प्रस्तुति में अधिनियम की जनविरोधी और औपनिवेशिक मानसिकता पर प्रकाश डालने के लिए इन कानूनों के कुछ प्रावधानों को रोलेट अधिनियम 1919 से तुलना की। श्री युग चौधरी ने प्रतिभागी न्यायाधीशों के साथ, किस प्रकार भारतीय दंड संहिता के साजिश पर प्रावधानों का कई आतंकवाद के मामलों (जैसे – नलिनी का मामला और केहरसिंह का मामला) में दुरुपयोग किया गया है, पर एक तकनीकी सत्र किया। उनकी प्रस्तुति में नलिनी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के विचार और सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख शिक्षाविदों और न्यायविदों द्वारा केहरसिंह मामले में असाधारण निन्दा से बल लिया गया।

**पी. – 326 : न्यायिक शिक्षा में महत्वपूर्ण मुद्दों और चुनौतियों की समीक्षा पर राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी (अप्रैल 30 – मई 2, 2010)**

राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भोपाल में 'न्यायिक शिक्षा में महत्वपूर्ण मुद्दों और चुनौतियों की समीक्षा' पर राज्य न्यायिक अकादमियों की राष्ट्रीय न्यायिक संगोष्ठी अप्रैल 30 से मई 02, 2010 को आयोजित की गई। संगोष्ठी में राज्य न्यायिक अकादमियों के निदेशक, अतिरिक्त निदेशक और दूसरे संकाय सदस्यों को मिलाकर कुल बाईस प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

संगोष्ठी का लक्ष्य देश में न्यायिक शिक्षा के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों को देखना और प्रेरण एवं रिफ्रेशर प्रोग्रामों में इनकी न्यायिक शिक्षा को बढ़ावा देने में राज्य न्यायिक अकादमियों के लिए रणनीति का विकास करना था। चर्चा के प्रमुख विषय – (1) न्यायिक शिक्षा में विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों की पहचान (2) न्यायिक शिक्षा के लक्ष्य और कार्यप्रणालीगत मुद्दे (3) अकादमियों का योगदान, विभिन्न राज्य न्यायिक अकादमियों के प्रेरण और रिफ्रेशर प्रोग्रामों के सन्दर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक शिक्षा रणनीति पर चर्चा, और (4) अनुसंधान कार्यक्रमों का अनुवर्तन (पी – 311)। प्रतिभागियों ने न्यायिक शिक्षा में चुनौतियां और मुद्दों पर प्रस्तुति दी तथा इसके बाद प्रत्येक विषय पर चर्चा हुई।

संगोष्ठी ने राज्य न्यायिक अकादमी और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को न्यायिक शिक्षा के क्षेत्र में साथ-साथ आगे और पीछे देखने हेतु सुसज्जित किया। प्रतिभागी इस बात पर सहमत थे कि फैसला लेने के नये सिद्धान्तों के साथ परिणाम/प्रभाव आधारित न्यायिक शिक्षा ही समय की आवश्यकता है। यह भी समझा गया कि वस्तुनिष्ठ गुणात्मक निष्पादन संकेतकों की आवश्यकता है। यह निष्कर्ष निकला कि न्यायिक प्रणाली में परिवर्तनों के लिए अकादमियों को उत्प्रेरक होना चाहिए।

**पी. – 327 : अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय कार्यशाला : श्रम और औद्योगिक विवाद से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन (मई 7–10, 2010)**

कार्यक्रम अधिनिर्णयन प्रबन्ध पर राष्ट्रीय कार्यशाला : श्रम और औद्योगिक विवाद से सम्बंधित मामलों में अधिनिर्णयन, का आयोजन राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में मई 7–10, 2011 को हुआ। कार्यक्रम में 15 राज्यों के चौबीस न्यायाधीशों ने भाग लिया। कार्यक्रम का लक्ष्य संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और श्रमिक–समर्थक न्यायशास्त्र की पुष्टि के पक्ष में श्रम विवादों के अधिनिर्णयन की गुणवत्ता को मजबूत बनाना था।

